हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, बुधवार,15 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण

वर्ष: 02,अंक:143

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

rashtrasamvad.com


**सुविचार**

हिसार योजनाओं पर विजय पाना हंसाने लेकिन जो अपने ऊपर विजय पा रहे वही सच्चा विजाई है।

गौतम बुद्ध



# राजस्थान के जैसलमेर में चलती बस में लगी आग, 20 यात्रियों की मौत

### सीएम भजनलाल ने घायलों का जाना हाल; 24 घंटे मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**जैसलमेर,एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर-जोधपुर हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक एसी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई। हादसे में 20 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों, 4 महिलाओं समेत 15 लोग झुलस गए हैं। मृतकों में 19 की मौके पर और 79 वर्षीय हुसैन खां की जोधपुर रेफर करने के दौरान मौत हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार देरात जैसलमेर पहुंचे और सीधे आर्मी कैंट एरिया पहुंचे, जहां उन्होंने घटना स्थल का जायजा लिया। वे लगभग 15 मिनट तक जैसलमेर में रुके और फिर जोधपुर रवाना हुए।

पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने हादसे में 20 मौतों की पुष्टि करते हुए बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने कहा कि बस की बेट्री में शॉर्ट सर्किट होने से एसी की गैस फैल गई, जिससे कुछ ही मिनटों में पूरी बस आग का गोला बन गई। बस की बनावट भी संकरी थी। इन लोगों ने इमरजेंसी गेट



भी पीछे लगा रखा था। जबकि दोनों तरफ होना चाहिए। इमरजेंसी तीन दरवाजे होने चाहिए। नई गाड़ी थी और एसी की गैस भी पूरी भरी हुई थी। लोगों को संभलने का भी मौका नहीं मिला। महज पांच से सात मिनट में ही बस आग का गोला बन गया।

विधायक महंत प्रतापपुरी ने कहा कि इस हादसे में 19 यात्री बस में ही जल गए थे। एक की जोधपुर में रेफर करने के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंचे सीएम भावुक हो गए थे और वे अपने आप को नहीं संभाल पा रहे थे। इस घटना ने सभी को दुखी किया है। शवों की पहचान डीएनए से होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना की गंभीरता एवं दुखांतिका के कारण बुधवार को पटना में प्रचार का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है पुलिस के अनुसार हादसा जैसलमेर के थईयात गांव के पास दोपहर करीब 3:30 बजे हुआ। बस रोजाना की तरह जैसलमेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई थी।

## बेगूसराय, बछवाड़ा और तेघरा से भाजपा ने घोषित किए प्रत्याशी कुंदन कुमार, सुरेंद्र मेहता और रजनीश कुमार को मिला मौका

**राष्ट्र संवाद उप ब्यूरो**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी पहली उम्मीदवार सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने बेगूसराय, बछवाड़ा और तेघरा विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

पार्टी ने बेगूसराय से युवा नेता कुंदन कुमार, तेघरा से रजनीश कुमार तथा बछवाड़ा से वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मेहता को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा नेतृत्व ने इन तीनों प्रत्याशियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि ये क्षेत्रीय स्तर पर मजबूत जनाधार वाले, सक्रिय कार्यकर्ता हैं जो संगठन के प्रति निष्ठा के साथ जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा की



पहली सूची में लगभग सीटों के उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं, जबकि अन्य सीटों पर मंथन जारी है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि इस बार टिकट वितरण में युवाओं, महिलाओं और सामाजिक रूप से सक्रिय कार्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।

स्थानीय कार्यकताओं में उम्मीदवारों के नाम घोषित होने के बाद उत्साह देखा गया है। समर्थकों ने जगह-जगह मिठाइयाँ बाँटीं और पार्टी के प्रति आभार





व्यक्त किया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि पार्टी संगठन जनता के विश्वास पर खरा उतरने और विकास, सुशासन और स्थिरता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेगी।

### जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने महनार विधानसभा क्षेत्र से किया नामांकन

**पटना।** बिहार में वैशाली जिले के महनार विधानसभा क्षेत्र से जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने एक एक जनसभा को भी संबोधित किया। उमेश सिंह कुशवाहा के नामांकन पर आयोजित जनसभा में भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित कई शामिल थे।

# बिहार चुनाव: भाजपा ने 71 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की,9 महिलाओं को टिकट

### दोनों डिप्टी सीएम को मैदान में उतारा, विधानसभा अध्यक्ष का टिकट कटा

**पटना ,एजेंसी।** बिहार चुनाव के लिए भाजपा ने मंगलवार को 71 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को तारापुर से, विजय सिन्हा को लखीसराय से टिकट दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव का टिकट काटा गया है। नंदकिशोर 5 बार से पटना सिटी से जीतते आ रहे हैं। कुम्हरार से 5 बार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा का भी टिकट कटा है। इसके लिस्ट में 12 मंत्रियों के भी नाम हैं। पहली लिस्ट में 9 महिलाओं के नाम हैं। बेतिया से रेणु देवी, परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह को टिकट मिला है। वहीं कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारिसलीगंज से अरुणा देवी, जमुई से श्रेयसी सिंह




का नाम भी लिस्ट में शामिल है। इस बार भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य में 6 और 11 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा। 2020 में भाजपा ने 7 अक्टूबर को 27 कैंडिडेट की पहली लिस्ट जारी की थी। उसमें 5 महिलाएं थीं।

बीजेपी ने दोनों डिप्टी सीएम के साथ 15 मंत्रियों को मैदान में उतारा है। मंत्री मंगल पांडे, नीतीश मिश्रा, नीरज कुमार बबलू, जीवेश मिश्रा, राजू सिंह, कृष्ण कुमार मंटू, सुरेंद्र मेहता, डॉक्टर सुनील कुमार, संजय सरावगी, डॉ. प्रेम कुमार को भी टिकट दिया गया है।

## कांग्रेस बोली- सीटों से समझौता नहीं करेंगे:तेजस्वी से नहीं मिले राहुल

### लोकगायिका मैथिली ठाकुर भाजपा में, अलीनगर से चुनाव लड़ सकती हैं



**नई दिल्ली/पटना ,एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कहा कि वो महागठबंधन में सीटों को लेकर कोई समझौता नहीं करेंगे। RJD से अभी भी सीटों को लेकर खींचतान जारी है। सीट बंटवारे की अंतिम दौर की बातचीत के बीच तेजस्वी यादव सोमवार को राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले बिना ही दिल्ली से पटना वापस लौट गए। उधर, लोक गायिका मैथिली ठाकुर पटना में बीजेपी में शामिल हो गईं। वे अलीनगर से चुनाव लड़ सकती हैं। बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान 6 अक्टूबर को हुआ था। राज्य की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को होंगे और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। पहले फेज में पटना समेत बिहार की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। दूसरे चरण में बॉर्डर से सटे 122 विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। इस विधानसभा चुनाव में करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 14 लाख नए वोटर्स हैं।

## झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी ने तीन को किया गिरफ्तार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता,रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) ने झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) से जुड़े बहुचर्चित शराब घोटाला और फर्जी बैंक गारंटी मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। अधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आरोपितों को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में परेश अभेयसिंह ठाकोर, विक्रमासिंह अमेसिंह और महेश शिडगे शामिल है। इन तीनों की गिरफ्तारी अहमदाबाद के सन स्काई पार्क स्थित वकील ब्रिज सोसाइटी से हुई है। उल्लेखनीय है कि यह मामला मैसर्स विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज एंड कंसल्टेंट्स कंपनी से जुड़ा है, जिसे जेएसबीसीएल के जोन-10 (हजारीबाग, चतरा, कोडरमा) के लिए ई-टेंडर के माध्यम से ठेका मिला था। निविदा की शर्तों के तहत कंपनी को झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पक्ष में बैंक गारंटी जमा करनी थी। आरोप है कि कंपनी ने झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड, रांची के पास फर्जी बैंक गारंटी जमा कर बड़ा धोखा किया, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। इस आरोप में एसीबी को तीनों आरोपितों के विरुद्ध पुख्ता साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर उन्हें अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीबी इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। एसीबी रांची थाना कांड संख्या 09/2025 में दर्ज मामले में यह कार्रवाई की गयी है।

## कैबिनेट : नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को मिल सकता है 14 प्रतिशत आरक्षण




**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नगर निकाय चुनाव में ओबीसी (अदर बैकवर्ड क्लासेस) वर्ग को 14 प्रतिशत आरक्षण मिल सकता है। वहीं चुनाव में एससटी (शिडयूल ट्राइब्स) और एससी (शिडयूल कास्टल) को कुल 36 प्रतिशत आरक्षण मिलने के आसार हैं। इसे लेकर मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में मैराथन बैठक हुई। बैठक में कुल 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

कैबिनेट में हुए फैसले की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि निकाय चुनाव में आरक्षण की कुल सीमा 50 प्रतिशत रहेगी। उन्होंने बताया कि नगरपालिका निर्वाचन (आम) में पिछले वर्गों के लिए डेडीकेटेड कमीशन (पिछले वर्गो के लिए राज्य आयोग, झारखंड) से प्राप्त अनुंशसा एवं पिछले वर्गो के आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण तथा झारखंड नगरपालिका निर्वाचन और चुनाव याचिक नियमवली-2012 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट में निकाय चुनाव से लिए गये फैसलों की जानकारी निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी।

### सारंडा में एक किलोमीटर का क्षेत्र होगा इको संसेटिव जोन

कैबिनेट में सारंडा वनक्षेत्र के 314 वर्ग किमी में वन्यजीव अभयारण्य बनाने और एक किमी के क्षेत्र में इको संसेटिव जोन (ईएसजेड) के रूप में तब्दील करने का फैसला लिया गया। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को सारंडा के जंगलों में रहनेवाले दुर्लभ और लुप्तप्राय जीवों और वनस्पतियों को संरक्षित करने का आदेश दिया था। साथ ही इसे लेकर झारखंड उच?च न्यायालय ने भी सख्त रूख अपनाते हुए सरकार को निर्देश दिया है।

**राज्यकर्मी और पेंशनभोगियों को दिवाली को तोहफा, बढा डीए-**राज्य सरकार ने राज्यकर्मी और पेंशनभोगियों को दिवाली का तोहफा दिया है। कैबिनेट में राज्यकर्मी और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला किया गया। अब राज्यकर्मी और पेंशनभोगियों को 55 प्रतिशत की जगह 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा।

**झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ**

## पुलिस प्रशासन को हर परिस्थिति में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए : राज्यपाल

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**रांची।** रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 मैदान में 20वीं झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। पुलिस ड्यूटी मीट का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया।

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि यह आयोजन न केवल हमारे पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और दक्षता का प्रतीक है, बल्कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, आपसी सहयोग और टीम भावना को भी सुदृढ़ करता है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिसकर्मी किसी भी राज्य की सुरक्षा, शांति और व्यवस्था के आधारस्तंभ होते हैं। वे कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, चाहे वह विधि-व्यवस्था बनाए रखना हो, अपराध नियंत्रण हो या संकट की घड़ी में जनसेवा का दायित्व



निभाना हो। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रगति विधि-व्यवस्था की स्थिरता पर निर्भर करती है, इसलिए पुलिस प्रशासन को हर परिस्थिति में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच संवाद एवं विश्वास का रिश्ता मजबूत होना चाहिए। पुलिसकर्मी जनता से शालीनता से संवाद करें, उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनें और तत्परता से उसका निबटारा करें, ताकि नागरिक निडर होकर अपनी बात रख सकें।


राज्यपाल ने अनुसंधान कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण में वैज्ञानिक तरीकों और आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे अपराधी शीघ्र कानून के दायरे में आएं और पीड़ित को समय पर न्याय मिले।

## दिवाली-छठ के लिए सूरत के रेलवे स्टेशनों पर भीड़

### रोजाना 9 ट्रेनों से 20 हजार से ज्यादा लोग बिहार-यूपी के लिए रवाना हो रहे

**सूरत,एजेंसी।** रेलवे स्टेशनों पर दिवाली-छठ पूजा पर गांव जाने वालों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। गुजरात में सूरत के उधना स्टेशन पर सुबह 5 बजे से लेकर रात 10 बजे तक 9 ट्रेनों से रोजाना 20 हजार से ज्यादा यात्री रवाना हो रहे हैं। यह संख्या आरक्षित यात्रियों की है। इनमें जनरल के यात्रियों की संख्या जोड़ दे तो संख्या और बढ़ सकती है। दिवाली-छठ पूजा के साथ बिहार इलेक्शन भी दिवाली-छठ पूजा के साथ इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। इसकी वजह से सूरत और उधना स्टेशन पर रिकर्ड भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए रेलवे ने क्राउड मैनेजमेंट लागू कर दिया है। प्लेटफॉर्म टिकट बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सूरत और उधना रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।



# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर, वोट भाजपा को और चोट झामुमो को दें - बाबूलाल मरांडी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### मुसाबनी में मरांडी के साथ खूब गरजे सांसद विद्युत एवं अभय सिंह





घाटशिला उप चुनाव को लेकर भाजपा मुसाबनी मंडल का बूथ सम्मेलन मोहनडेरा स्थित बंसती मंडप मैदान में आयोजित हुआ। मंडल अध्यक्ष जयंत घोष की अध्यक्षता में आयोजित इस बूथ सम्मेलन में मंडल के कुल 74 बूथो के बूथ कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विशिष्ट अतिथि सासंद विद्युत वरण महतो, दुमका के पूर्व सासंद सुनील सोरेन,मझगांव के पूर्व विधायक बड़कुअर गगराई, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास, अभय सिंह एवं सम्भावित प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी का मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। मंच पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस चुनाव में जीत के पुरोधा हैं। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रत्याशी को जिताया तो यह सरकार सीना चौड़ा कर राज्य की खनिज संपदा को लुटेरों के हाथों में लुटा देगी। यह सरकार अबूआ सरकार नहीं , बल्कि बाबुओं की सरकार है। यह सरकार काम करने वाली नहीं, बल्कि कमाने वाली सरकार। इस सरकार में सरकारी खजाना नहीं बल्कि नेता और भ्रष्ट अफसरों का खजाना भर रहा है,अपराध चरम पर है। इस उप चुनाव में आपका वोट सरकार तो नहीं बदलेगा, लेकिन भ्रष्ट सरकार की व्यवस्था को जरूर बदलेगा, वह जागेगी और चार साल सम्भल कर काम करेगी। यह बात बूथ कमेटी के हर पदाधिकारी और सदस्य अपने बूथ के वोटरो और सभी कार्यकताओं और ग्रामीणों को समझाएं। सांसद विद्युत वरण महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके प्रयास से इस इलाके की बंद पड़ी माइंस खुल रही है, जल्द ही यहां रोजगार का सृजन होगा, हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा की भाजपा की सरकार में लीज 3 महीने में मिलता था, परंतु इस हेमंत सरकार में लीज मिलने में 11 साल लग जाते हैं। इस भ्रष्ट सरकार को इस चुनाव में एहसास दिलाने का मौका आपको मिला है। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भरपूर समर्थन करें,

इस अवसर पर मुख्य रूप से रमेश माझी, लखन मार्डी, दिनेश साव, रंगलाल महतो, हराधन सिंह, सुनीता देवदूत सोरेन, साकेत अग्रवाल, बिरमान लामा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## सोमेश ने दिलाया हर बूथ पर झामुमो को बढ़त दिलाने का संकल्प

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### मुसाबनी में झामुमो का बूथ सम्मलेन



झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय मुसाबनी में मंगलवार को मुसाबनी जॉन 3 के चार पंचायत मेडिया धोबनी, पूर्वी मुसाबनी, पश्चिमी मुसाबनी पंचायत के बूथ कमेटी का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन ने किया। सम्मेलन में चार पंचायतों के 21 बूथों के कार्यकर्ता, नेता, बूथ कमेटी के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष शामिल हुए। मुख्य अतिथि झामुमो नेता सोमेश सोरेन रहे। सम्मेलन की शुरूआत में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमेश सोरेन ने कहा कि बूथ जीतने पर हम विधानसभा सीट जीतेंगे। यह बाबा रामदास सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि देने का चुनाव है। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का चुनाव है। रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा को शिक्षा का हब बनाने के दिशा में काम कर रहे थे । मुसाबनी में डिग्री व इंजीनियरिंग कॉलेज निर्माण को प्रशस्त किया। मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत बनायें।

मौके पर कार्यकताओं को चुनाव जीतने के टिप्स दिये गये। उन्होंने बूथ कमेटी को पिछले बार से अधिक बढ़त बनाने का संकल्प दिलाया।

मौके पर झामुमो नेता कान्हू सामंत, कालीपद गोराई, बाघराय मार्डी,सागेन पूर्ति,राम चन्द्र मुर्मू, जगदीश भकत, काजल डॉन, सोमाय सोरेन, कान्हू टूडू, संजीवन पातर, पार्वती सिंह, मारिया दास, आदि उपस्थित थे।

## खूँटी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान – अफीम की खेती के दुष्परिणाम और कानूनी कार्रवाई की दी जानकारी

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**खूँटी,** 14 अक्टूबर 2025: खूँटी पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती के दुष्परिणाम और इससे जुड़ी कानूनी कार्रवाई के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को नशे से दूर रहने, वैकल्पिक खेती अपनाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

रनिया थाना क्षेत्र के सौदे बाजार में पुलिस टीम ने पंपलेट वितरण कर अफीम की खेती से होने वाले नुकसान और कानूनी परिणामों की जानकारी दी। साथ ही, लोगों को नशे के दुष्प्रभाव और ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी गांव, जरियागढ़ थाना क्षेत्र के जोरको गांव एवं तिलमी उच्च विद्यालय, तथा अड़की थाना क्षेत्र के कोरवा बाजार और खेसारीबेड़ा बाजार में भी पुलिस ने अभियान चलाया। इन स्थानों पर ग्रामीणों और छात्रों को अफीम की खेती से होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसान के बारे में बताया गया तथा वैकल्पिक फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया।

खूँटी पुलिस ने स्पष्ट किया कि अफीम की खेती कानूनन अपराध है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ ही, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे नशे से दूर रहकर स्वस्थ और सुरक्षित समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## टंडवा एनटीपीसी से फ्लाई ऐश से टंडवा पिपरवार खलारी की हवा हुई जहरीली, बीमारियों से कराह रही जनता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### प्रशासन को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग, जहरीले धूल के कारण आंखों में जलन, गले में खराश व एलर्जी की बीमारी बढ़ रही





**चतरा:** खलारी डेवलेपमेंट ऑर्गेनाईजेशन (एनजीओ) के साथ खलारी प्रखंड के लोगों ने क्षेत्र में टंडवा एनटीपीसी प्लाट से छह कंपनियों द्वारा फ्लाई ऐश दुलाई ग्रामीण सड़क में फेल रही प्रदूषण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उक्त परेशानी को लेकर को खलारी डेवलेपमेंट ऑर्गनाइजेशन के साथ क्षेत्र के लोगों ने एक संयुक्त ज्ञापन खलारी थाना प्रभारी एवं खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि एनटीपीसी टंडवा से बड़े पैमाने पर फ्लाई ऐश का परिवहन डंपरों हाइवा के माध्यम से खलारी क्षेत्र से किया जा रहा है। परिवहन के दौरान यह फ्लाई ऐश टंडवा पिपरवार खलारी रांची सड़कों पर गिरता है और उड़ने से पूरा वातावरण धूल व जहरीले कणों से भर जाता है। इस जहरीले धूल के कारण लोगों में आंखों में जलन, गले में खराश, लगातार छींक आना, एलर्जी और सांस लेने में तकलीफ जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। कहा गया कि यह फ्लाई ऐश कोई सामान्य धूल नहीं, बल्कि ऐसा विषैला पदार्थ है, जो फेफड़ों में जाकर जम जाता है और शरीर को अंदर से नुकसान पहुंचाता है। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या बुजुर्ग, सभी दूषित वातावरण में जीने को मजबूर हैं। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यदि आज हम खलारी को दुनिया का दूसरा हिरोशिमा-नागासाकी कहें तो गलत नहीं होगा। प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन की लापरवाही के कारण पूरा क्षेत्र प्रदूषण से जूझ रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि एनटीपीसी जैसी बड़ी सरकारी कंपनी स्वयं सरकार के पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी कर रही है, जिससे पूरा खलारी क्षेत्र ही नही बल्कि टंडवा पिपरवार जहरीली हवा की चपेट में आ गया है। वहीं प्रशासन से मांग की गयी कि तीन दिनों के अंदर ठोस कदम उठाते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाये। साथ ही चेतावनी दी गयी कि यदि तीन दिनों में कार्रवाई नहीं की गयी, तो खलारी की जनता अपने घरों का कचरा सड़कों पर फेंकने को बाध्य होगी और यह विरोध शांतिपूर्ण रूप से किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में खलारी डेवलेपमेंट ऑर्गनाइजेशन के सचिव राहुल राठौड़, मुकुल सिंह, इंदिरा देवी, विक्की सिंह, सिन्नी समद, अरुण पासवान, मो. रिजवी, राजेश कुमार सहित ग्रामीण शामिल हैं।

## 893 दिनों बाद जेल से बाहर आए रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची:** सेना और चेशायर होम जमीन घोटाले में मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन आखिरकार 893 दिनों बाद जेल से बाहर आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत मिलने के बाद सोमवार को वे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार से बाहर निकले।

ईडी ने छवि रंजन को 4 मई 2023 को गिरफ्तार किया था, और तब से वे न्यायिक हिरासत में थे। सुप्रीम कोर्ट की सशर्त जमानत के तहत उन्हें हर सुनवाई की तारीख पर कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा और देश छोड़ने से पहले कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। सोमवार को उन्होंने पीएमएलए कोर्ट में दो बेल बॉन्ड भरे, प्रत्येक एक लाख रुपये के। जमानतदार के रूप में उनकी पत्नी और एक रिश्तेदार बने हैं।

छवि रंजन को चेशायर होम जमीन घोटाले में पहले ही जमानत मिल चुकी थी, लेकिन उन्होंने उसका लाभ नहीं लिया था। अब सुप्रीम कोर्ट से सेना जमीन घोटाले में राहत मिलने के बाद वे करीब ढाई साल बाद आजाद हवा में सांस ले पा रहे हैं।

हालांकि कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। अब सबकी नजर इस पर टिकी है कि क्या छवि रंजन अदालत में अपने ऊपर लगे आरोपों से खुद को निर्दोष साबित कर पाएंगे।

## प्रॉपर्टी हड़पने के लिए मां बेटे को पिछले 15 महीने से बोकारो में कैद ,थाना प्रभारी ने कराया मुक्त



राष्ट्र संवाद संवाददाता

बोकारो जिले में प्रॉपर्टी हड़पने के लिए मां बेटे को पिछले 15 महीने से बोकारो के सेक्टर 6ऊ के आवास संख्या 2517 में सेक्टर 3 के रहने वाले अशोक सिंह नाम के व्यक्ति ने कैद कर रखा था। आज मिली सूचना के बाद सेक्टर 6 थाना पुलिस ने मां बेटे का रेस्क्यू बंद घर से किया है।

थाना प्रभारी संगीता कुमारी की माने तो दोनों काफी खराब स्थिति में घर में रह रहे थे।

पीड़ित संतोष सिंह ने बताया कि जिस व्यक्ति ने इन्हें कैद कर रखा था उसका नाम अशोक सिंह है, जो कांग्रेस का महासचिव और इंटक का अध्यक्ष है। वह काफी कम मात्रा में राशन लाकर पहुंचाता था और बाहर से ताला लगा कर चला जाता था।

जरूरत पड़ने पर लोगों से दवा और अन्य सामान की मांग की जाती थी और रस्सी के सहारे झोले को उतार कर लोगों से सामान लिया जाता था।

संतोष सिंह ने बताया कि यह लोग चास के तारानगर के रहने वाले हैं ।पत्नी से विवाद चल रहा था ।जिस कारण मामला न्यायालय में था अधिवक्ता नीतीश टंडन ने अशोक सिंह से मेरी मां की मुलाकात कराई और मेरे केस में कुछ पैसा अशोक सिंह के द्वारा खर्च किया गया ।

इसके एवज में हमारी चास वाली प्रॉपर्टी को वह हड़पना चाहता था।

जिसका वह पावर ऑफ अटॉर्नी भी ले लिया है। 23 जुलाई 2024 से हम लोगों को यह इस आवास में बंद कर रखा है।

झारखंड के मुख्य (गृह एवं कारा) मंत्री को पत्र लिखा सरयू राय ने

## प्रिंस खान के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाएं सीएम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### -दुबई में छिप कर बैठा है प्रिंस खान

### -व्यवसायियों और चिकित्सकों से रंगदारी मांगता है

**जमशेदपुर**। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने प्रदेश के मुख्य (गृह एवं कारा) मंत्री को पत्र लिख कर धनबाद के गैंगस्टर मो. हैदर अली उर्फ प्रिंस खान के प्रत्यर्पण की कार्रवाई पूरा करने के लिए भारत सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि प्रिंस खान अभी संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में शरण लिए हुए है।

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि दुबई में शरण लिए हुए गैंगस्टर मो. हैदर अली उर्फ प्रिंस खान को संयुक्त अरब अमीरात से भारत लाने हेतु झारखण्ड सरकार के गृह विभाग ने पत्रांक 5576, दिनांक 09.10.2023 के द्वारा भारत सरकार से अनुरोध किया था। उक्त के आलोक में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने पत्रांक एफ. नंबर 25015/60/2023-एलसी द्वारा मो. हैदर अली उर्फ प्रिंस खान के भारत प्रत्यर्पण की कार्रवाई हेतु ग-ह मंत्रालय, सीपीवी डिवीजन एक्स्ट्राडिशन सेक्शन को निर्देशित करते हुए ऑफिस मेमोरेंडम जारी किया। दो वर्ष बीत जाने के बाद भी गैंगस्टर मो. हैदर अली उर्फ प्रिंस खान के प्रत्यर्पण की कार्रवाई पूरी नहीं हुई।

सरयू राय ने पत्र में लिखा है कि पहले प्रिंस खान की आपराधिक गतिविधियां धनबाद तक ही सीमित थी, परंतु अब इसके आतंक का विस्तार जमशेदपुर, राँची, बोकारो एवं अन्य स्थानों पर भी हो गया है। उनके विधानसभा क्षेत्र (जमशेदपुर पश्चिम) के कई व्यापारियों एवं चिकित्सकों ने और राँची के भी कतिपय चिकित्सकों ने उन्हें सूचित किया कि प्रिंस खान किसी अज्ञात दूरभाष नम्बर से फोन करके उनसे दो करोड़, पाँच करोड़ रुपए तक की रंगदारी मांगता है और रंगदारी नहीं देने पर उसके गुर्गे उनके प्रतिष्ठानों के सामने फायरिंग करते हैं और उन्हें भयभीत करते हैं। राज्य के दैनिक समाचार पत्रों में प्रिंस खान के आतंक की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित हो रही है। स्पष्ट है कि प्रिंस खान का आतंक धनबाद के बाहर भी फैल रहा है। व्यवसायी तथा चिकित्सक उसके मुख्य शिकार बन रहे हैं। जो प्रिंस खान को रंगदारी नहीं देते, उनके खिलाफ उसके गुर्गे भयाक्रांत करने की कार्रवाई करते हैं।

विधायक ने पत्र में लिखा है कि पंचम झारखण्ड विधानसभा में उन्होंने यह विषय वर्ष 2023 के शीतकालीन सत्र में ध्यानाकर्षण के माध्यम से सदन में उठाया था। सरकार द्वारा उनके ध्यानाकर्षण का विस्तार से दो भागों में उत्तर दिया गया और आश्वस्त किया गया था कि भारत सरकार के माध्यम से प्रिंस खान को भारत लाया जाएगा और उसके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ ही उसके गुर्गा गैंग को भी नष्ट किया जाएगा। परंतु आज तक न तो उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई पूरी की गई और न ही उसके गुर्गों को ही नेस्तानाबूद किया गया। नतीजा है कि प्रिंस खान का आतंक अब जमशेदपुर और राँची तक फैल गया है।

सरयू राय ने मुख्य (गृह एवं कारा) मंत्री से अनुरोध किया कि उनके ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का सरकारी उत्तर के आलोक में तथा राज्य में कानून व्यवस्था बनाये रखने, यहाँ के नागरिकों विशेषकर व्यवसायियों एवं चिकित्सकों के मन में व्याप्त भय को दूर करने के लिए प्रिंस खान को भारत प्रत्यर्पण कराने तथा उसके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने हेतु भारत सरकार पर दबाव डालने की आवश्यक पहल करें।

## सार-संक्षेप

### उपायुक्त ने वेयर हाउस किया निरीक्षण, सीसीटीवी समेत सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** चतरा उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याएँ सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास, मईया समान योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस दौरान आमजन अपनी समस्याएँ सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं।

### आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने जिले में कार्यलय का मांग किया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** चतरा जिला झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा मंगलवार को चतरा उपायुक्त और डीडीसी को मांग पत्र सोपा है। मांग पत्र में चतरा जिले में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक कार्यालय उपलब्ध कराने की मांग की गई है। डीडीसी ने आश्वासन दिया कि छठ पूजा बाद एक कार्यालय उपलब्ध कर दिया जाएगा। मौके पर आंदोलनकारी जिला अध्यक्ष कैलाश सिंह ल, जिला सचिव सुगन साव जिला कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मित्तल जिला प्रवक्ता राज किशोर कमल उर्फ पिंकू उपाध्यक्ष संतोष नायक दिनेश सिंह पांडे मुनेश्वर माली संगीता पाठक विश्वनाथ सोनी शामिल थे।

नेताजी गुस्साईल बाड़न

### सूत्रों पर भड़के जेडीयू नेता — कहा, मनगढ़ंत खबर लिखने वालों को जूता खोलकर मारेंगे

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**पटना,** । जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता मीडिया पर भड़क उठे, उन्होंने आरोप लगाया कि ह्लसूत्रों के हवाले सेह्व कुछ पत्रकार मनगढ़ंत खबरें चलाते हैं। नेता ने कहा कि ह्लहर कोई सूत्र बनकर अपनी मन की बात लिख देता है।

वे बोले – गया भाजपा के पास है, लेकिन सूत्रों के हवाले से लोजपा का चल रहा है। नीतीश जी ने रत्नेश सदा को सिंबल दे दिया है, फिर भी लोजपा की चर्चा हो रही है।

उन्होंने तीखे शब्दों में कहा – टिकटवा बंटने दीजिए, सूत्रों की सुतली बनाकर उनके पिछवाड़े में डाल देंगे।

नेता ने स्पष्ट किया कि गया से प्रेम कुमार ही भाजपा प्रत्याशी होंगे, और वे कमल निशान पर चुनाव लड़ेंगे।



# जमशेदपुर में प्रेम प्रसंग में युवक ने की आत्महत्या, प्रेमिका के शादी से इंकार के बाद फंदे से झूल गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** एक दिल दहला देने वाली घटना में बागबेड़ा थाना मोड़ के समीप रहने वाले 23 वर्षीय युवक चींटू कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक पेशे से पेट्रोल पंप कर्मचारी था। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

चींटू ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कमरे के अंदर से तेज आवाज में गाना बज रहा था। कुछ देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर परिजनों ने जब दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि चींटू फंदे से झूल रहा है। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया और पहले राजस्थान सेवा सदन अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उसे एमजीएम अस्पताल भेजने की सलाह दी, लेकिन



परिजन टीएमएच (टाटा मेन अस्पताल) लेकर पहुंचे। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई पींटू कुमार ने बताया कि चींटू चार दिन पहले एक लड़की को अपने घर लाया था, जिससे वह शादी करना चाहता था। परिवार के सभी लोग इस रिश्ते के लिए तैयार हो गए थे। लड़की भी चींटू से प्रेम करती थी और दोनों का रिश्ता पिछले ढाई साल से चल रहा था। लड़की बागबेड़ा के गांधी नगर की रहने वाली थी।

पींटू ने बताया कि लड़की की मां को भी दोनों के रिश्ते की जानकारी थी और वह शुरू में इस रिश्ते के लिए तैयार थी। लेकिन कुछ दिन पहले पड़ोसियों के भड़कावे में आकर लड़की की मां ने अचानक अपनी राय बदल ली और बेटी की शादी कहीं और तय करने की बात कह दी। इसके बाद जब लड़की के घर ह्लड़के वालेह्व देखने आए, तो लड़की ने भी चींटू से बात करना बंद कर दिया और उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। इसी बात से परेशान होकर चींटू पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रहने लगा था। परिवार वालों ने भी उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ नहीं बताता था। उसने इसी मानसिक तनाव में यह खौफनाक कदम उठा लिया फिलहाल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है कि कहीं घटना के पीछे कोई और कारण तो नहीं।

## हरिजन बस्ती की महिलाओं का हंगामा – बिना पानी कनेक्शन के नगर निगम ने भेजा जुमार्ने का नोटिस

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**सरायकेला:** सरायकेला जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 30 स्थित हरिजन बस्ती की महिलाओं ने मंगलवार को निगम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि उन्हें आज तक पानी का कनेक्शन नहीं मिला, फिर भी नगर निगम की ओर से जुमार्ना वसूली का नोटिस भेजा गया है।

महिलाओं ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास की सरकार ने बस्ती में पानी कनेक्शन देने की घोषणा की थी, लेकिन वादा अबतक अधूरा है। बस्ती में कुछ चुनिंदा घरों को ही कनेक्शन मिला है, बाकी लोग उन्हीं से जोड़कर पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। इसी बीच निगम द्वारा इसे ह्यअवैध कनेक्शनह्व बताते हुए जुमार्ना ठोक दिया गया है।

गौरतलब है कि हरिजन बस्ती में मुख्य रूप से हरिजन और आदिवासी समुदाय के निम्न आय वर्ग के परिवार रहते हैं। बस्तीवासियों ने साफ कहा है कि जब तक सभी को नियमित पानी कनेक्शन नहीं दिया जाता, तब तक वे जुमार्ना नहीं भरेंगे।

उधर, नगर निगम की ओर से आश्वासन दिया गया है कि छठ पर्व के बाद बस्ती में नियमित पानी कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा।

## दोस्त ने ही कर दिया वार – ताजनगर में युवक चाकू से घायल, एमजीएम में भर्ती

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर:** कपाली थाना क्षेत्र के ताजनगर में सोमवार की शाम एक युवक पर उसके ही दोस्त ने चाकू से हमला कर दिया। घटना में मो. इरशाद गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, इरशाद रोज की तरह काम से लौटने के बाद कबड्डी खेलने गया था। तभी उसका दोस्त फैजान खान वहां पहुंचा और किसी बात को लेकर उससे झगड़ा करने लगा। बताया जा रहा है कि फैजान नशे की



हालत में था। विवाद के दौरान उसने कमर से धारदार चाकू निकालकर इरशाद पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एमजीएम अस्पताल ले जाया गया। इसी बीच फैजान का बड़ा भाई अपने साथियों के साथ अस्पताल पहुंचा और घायल को जबरदस्ती लेकर चला गया। इसकी सूचना मिलते ही इरशाद के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे दोबारा भर्ती कराया।

घायल की मां ताएरा खातून ने बताया कि हमलावर घटना से पहले घर भी पहुंचे थे और इरशाद के बारे में पूछताछ कर रहे थे। फिलहाल, कपाली थाना पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर ली है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## नरेश अग्रवाल को फोटोग्राफी में स्वर्ण पदक


राष्ट्र संवाद संवाददाता

फोटोग्राफी सोसाइटी ऑफ अमेरिका द्वारा मान्यता प्राप्त आर्ट सेंस 2025 द्वारा आयोजित फोटोग्राफिक सेलून की ट्रैवल कैटेगरी में जमशेदपुर के नरेश अग्रवाल को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है

इस प्रतियोगिता में अनेक देशों के फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया था। नरेश अग्रवाल को उनके छायाचित्र मल्टीपल केव्स के ऊपर यह पुरस्कार दिया गया है । चित्रों का चयन तीन ज्यूरी की कमेटी के द्वारा किया गया ।

नरेश अग्रवाल मूलतः ग्रामीण जीवन के चित्रों को उकेरने वाले छायाकर हैं ।

उनके 350 से अधिक चित्रों को




भारत ही नहीं भारत के बाहर अनेक देशों में प्रदर्शनी के लिए चुना गया एवं पुरस्कृत भी किया गया है। वे विलुप्त होती सबर जाति के ऊपर महत्वपूर्ण काम कर रहें हैं

दुबई की विश्व प्रसिद्ध संस्था हिप्पा, जो हिप्पा फोटो प्रतियोगिता



हर वर्ष आयोजित करती है और हमदान अंतरराष्ट्रीय फोटोग्राफी पुरस्कार के लिए मशहूर हैं । जिसकी पुरस्कार राशि 9 करोड़ के आसपास है। इसमें दुनिया भर से फोटोग्राफरों की लाखों तस्वीरें आती हैं । फाइनल राउंड की 1000 फोटो के समूह में नरेश के द्वारा खींची गई तस्वीर को भी शामिल किया गया है। इन तस्वीरों के आधार पर फाइनल राउंड में निर्णय दिया जाएगा और सबसे श्रेष्ठ चित्र को पुरस्कृत किया जाएगा।

नरेश अग्रवाल के चित्रों में फोटोग्राफी के विशेषज्ञों को एक अलग तरह की संभावना नजर आती है कि लोगों के जीवन के भावनात्मक एवं लयात्मक पक्ष को वे कमरे में कैद करने में सक्षम हैं । वैसे भी लगातार बहुत सारी फोटोग्राफी प्रतियोगिताओं और प्रदर्शनियों में इनके चित्रों को स्थान मिल रहा है। नरेश अग्रवाल के लिए फोटोग्राफी पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि उत्साही बने रहकर जीने का तरीका है ।उन्होंने अपनी कलात्मक प्रतिभा को छायाकार के रूप रूप में समर्पित कर दिया है।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनावः मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ, 17 अक्टूबर तक चलेगा सत्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 14 अक्टूबर 2025ः 45-घाटशिला (अ.ज.जा.) विधानसभा उपचुनाव 2025 के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संचालन के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 14 से 17 अक्टूबर तक जमशेदपुर महिला महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम/वीवीपैट संचालन, वोटर टर्नआउट प्रबंधन, सामान्य त्रुटियों के समाधान सहित निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रशिक्षण कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को समय पर प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया, ताकि आगामी चरणों एवं मतदान दिवस (11 नवंबर) के दौरान उच्च दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## मोहरदा जलमीनार छठ घाट की सफाई एवं मरम्मत की मांग उठी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** बारीडीह विजया गार्डन, सृष्टि गार्डन, वास्तु विहार, संताल बस्ती निवासियों ने मोहरदा जल मीनार छठ घाट सफाई एवं मरम्मत की मांग उठाई है।

इस आशय का अनुरोध पत्र जिला के उपायुक्त, स्थानीय भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू एवं जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी को मंगलवार को दिया गया।

वहीं प्रतिनिधि मंडल झामुमो विधायक मंगल कालिंदी से उनके कार्यालय में मिला। विधायक ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि छठ घाट की साफ सफाई तरह मार्ग की मरम्मत करने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को देंगे। जिससे छठी माई के व्रती एवं भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।



इसमें बताया गया है कि स्वर्णरेखा नदी के किनारे साफ सफाई एवं विकसित करने की जरूरत है। नदी किनारे तकरीबन 800 मीटर घाट में श्रद्धालु अक्सर ही पूजा पाठ करते हैं तथा प्रतिमाओं का विसर्जन करते हैं।

लोक पर्व छठ आस्था का पर्व है और इसमें सुचिता पर विशेष जोर दिया जाता है।

अनुरोध पत्र देने वालों में केके गिरि, अधिवक्ता श्रीकांत सिंह, अधिवक्ता जे गोस्वामी राजेन मुदलियार, एनके सिंह , पवन कुमार झा, सुधीर सिंह, अजय कुमार आदि शामिल थे।

## दिवंगत ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड केके त्रिपाठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

राष्ट्र संवाद संवाददाता

भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) की कोल्हान कमिटी द्वारा आज आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न ट्रेड यूनियनों, जन संगठनों और कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने दिवंगत सर्वसम्मानित वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता कॉ0 के.के.त्रिपाठी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लंबे समय से बीमार रहे , कॉ0 कृष्णकांत त्रिपाठी के 18 सितंबर-2025 को दुःखद निधन के बाद, विभिन्न संगठनों द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया था , आज ₹ कॉ0 के के त्रिपाठी को समर्पित स्मरण - श्रद्धा झ शपथ संध्या ₹ शीर्षक के साथ केंद्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न ट्रेड




यूनियनों, जन संगठनों और सामाजिक संगठनों के प्रमुख नेताओं और कार्यकताओं के साथ-साथ कई प्रतिष्ठित समाज सेवी भी उपस्थित थे।

सभा में कॉ0 केके त्रिपाठी के लगभग छह दशकों के त्याग, समर्पण, प्रतिबद्धता और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की गई।

श्री राकेश्वर पांडे, अरविंद विद्रोही, विश्वजीत देब, अंबुज ठाकुर, वी के एल दास ,सुमित रॉय, सुजय रॉय, सुभाष करण, शर्मिला ठाकुर, अशोक शुभोदर्शी, केडी प्रताप, संजय कुमार, पीआर गुप्ता , आर एन ठाकुर, हीरा अरकाने, ओमप्रकाश सिंह, आदि ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक कार्यकर्ता से वैचारिक प्रतिबद्धता, सादगी और ईमानदारी के साथ उद्देश्य के प्रति समर्पित एक मार्गदर्शक तक की उनकी अनुकरणीय जीवन यात्रा को याद किया।

सीटू की कोल्हान कमिटी ने घोषणा की कि अगले वर्ष से 18 सितम्बर (कॉमरेड त्रिपाठी के प्रस्थान दिवस) से 3 अक्टूबर (कॉमरेड त्रिपाठी के आगमन दिवस) तक हर वर्ष एक पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से ₹जनहितैषी नीति की आवश्यकता और नीति के लिए संघर्ष और संघर्ष के लिए एकता₹ विषय पर संपूर्ण कोल्हान क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका समापन 3 अक्टूबर को डब्ल्यूएफटीयू के स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ₹प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस₹ के रूप मानते है

## बिष्टुपुर डीसी लॉन तोड़फोड़ पर पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह का तंज – अपराधियों को मिला पुरस्कार, सांसद-विधायक की चुप्पी पर सवाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर : बिष्टुपुर कॉन्ट्रैक्टर एरिया स्थित दिलीप चौधरी की डीसी लॉन सैलून में हुई तोड़फोड़ की घटना पर भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम में अपराधियों का बोलबाला बढ़ गया है और अब वे प्रशासन के काबू से बाहर हो गए हैं।

विकास सिंह ने व्यंग्य करते हुए कहा कि ह्लऐसी मदार्नी उन्होंने



आज तक नहीं देखीह्व, और मांग की कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस ह्लबहादुरह्व को राज्य स्तरीय पुरस्कार दें ताकि पूरा झारखंड ताली बजाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि थाना स्तर पर कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और कई थानेदार अपराधियों से ह्लबारगेनिंगह्व कर उन्हें बचाने में लगे हैं।

विकास सिंह ने सांसद और विधायक की चुप्पी पर भी सवाल उठाया और कहा कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उनकी कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

उन्होंने पीड़ित दिलीप चौधरी को न्याय दिलाने की मांग की है।

## छठ पूजा की तैयारी को लेकर पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने उपायुक्त को लिखा पत्र – श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं की मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर : आगामी छठ महापर्व को लेकर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को पत्र लिखकर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यापक तैयारी और समन्वित व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि छठ पूजा जिले के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा पर्व है, ऐसे में घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का समुचित प्रबंधन



जरूरी है।

बन्ना गुप्ता ने पत्र में सात बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की मांग की है – घाटों की सफाई व मरम्मत, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा बलों की तैनाती, पेयजल, शौचालय व चेंजिंग रूम की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, ट्रैफिक एवं पार्किंग प्रबंधन, और सभी विभागों की संयुक्त समन्वय बैठक।

उन्होंने कहा कि छठ महापर्व सामाजिक एकता और आस्था का प्रतीक है, इसलिए जिला प्रशासन को समयबद्ध कार्रवाई करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सार-संक्षेप

### जमशेदपुर शहर में प्रशासन बन गया है मजाक, इसलिए अपराधी है बेलगाम:चिंटू सिंह

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर/** जमशेदपुर शहर में छोटी-छोटी बातों को लेकर बड़ी-बड़ी घटनाएं को अंजाम दिया जा रहा। कल ट्यूशन पढ़ने वाले नाबालिक बच्चों ने छोटी सी बातों को लेकर उपद्रियों ने जो तांडव एवं उत्पाद मचाया उसे लेकर डीसी लाउंज फैमिली सलून ही नहीं बल्कि शहर के लोग दसहत में हैं वही चिंटू सिंह राजपूत ने बताया कि इनलोगों को अपने शहर के प्रशासन पर पूरा भरोसा रहता है ये जानते है कि आगे कोई करवाई नहीं होगा। इसलिए जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि ऐसे उपद्रवियों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ताकि जमशेदपुर शहर वासियों को प्रशासन पर विश्वास जागे और ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचे।

### टाटा क्लासएज और टाटा स्टील ने खेल, रोमांच और शिक्षा के जरिये युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए किया समझौता




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 13 अक्टूबर 2025ः युवाओं के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा क्लासएज ने टाटा स्टील स्पोर्ट्स विभाग, टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (ळरअऋ) और हॉकी ऐस फाउंडेशन (ऌअऋ) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह पहल शिक्षा, खेल और रोमांच को एकीकृत कर युवाओं को सक्षम, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करने पर केंद्रित है।

एमओयू पर हस्ताक्षर डी. बी. सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज), टाटा स्टील तथा तरुण भोजवानी, सीईओ और एमडी, टाटा क्लासएज द्वारा टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज ऑफिस, जमशेदपुर में किए गए। इस दौरान दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

डी. बी. सुंदरा रामम ने कहा कि यह साझेदारी ऐसी पीढ़ी तैयार करने की दिशा में कदम है जो ह्लशैक्षणिक रूप से सक्षम, शारीरिक रूप से सक्रिय और सामाजिक रूप से जिम्मेदारह्व हो। वहीं, तरुण भोजवानी ने कहा कि इस सहयोग से भारतभर के युवाओं तक एकीकृत शिक्षा की शक्ति पहुँचाई जा सकेगी।

यह साझेदारी शिक्षा, खेल और अनुभवात्मक सीखने को जोड़ते हुए भविष्य के नेतृत्वकताओं के निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है।

### ग्रेजुएट कॉलेज की प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी बनीं कोल्हान विश्वविद्यालय की सीनेट सदस्य

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुरः** द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वूमेन, जमशेदपुर की प्राचार्या डॉ. वीणा सिंह प्रियदर्शी को कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा की सीनेट सदस्य मनोनीत किया गया है।

इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की ओर से एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. सुनीता बनकीरा और प्रो. प्रतिमा सिंहा सहित कई शिक्षकों ने उपस्थित होकर डॉ. प्रियदर्शी को बधाई दी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके शैक्षणिक योगदान और नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए इसे कॉलेज के लिए गर्व का क्षण बताया।

### घाटशिला उपचुनावः ईपीक नहीं होने पर इन 12 दस्तावेजों से कर सकेंगे मतदान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर,** 14 अक्टूबर 2025ः 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के तहत 11 नवंबर 2025 को मतदान होगा। इस दौरान मतदाताओं को मतदान केंद्र पर अपना मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (एढकउ) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

हालांकि, यदि कोई मतदाता किसी कारणवश ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाता है, तो वह 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक को दिखाकर मतदान कर सकेगा।

मान्य वैकल्पिक दस्तावेजों में शामिल हैं –

पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, एनपीआर कार्ड, सांसद/विधायक को जारी पहचान पत्र, राज्य या केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम ने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान दिवस पर इनमें से कोई एक पहचान पत्र साथ अवश्य रखें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### गदरा दिवाकर देव ने दिया आनंद मार्ग जागृति को व्हील चेयर

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**जमशेदपुरः**आनंद मार्ग जागृति के लिए जमीन दान देने वाले रामप्रताप सिंह के सुपुत्र दिवाकर देव ने टाटानगर भूक्ति के भूक्ति प्रधान सुधीर आनंद को सुपुर्द किया व्हील चेयर । व्हील चेयर आनंद मार्ग जागृति में विजन सेंटर में आने वाले बुजुर्गों एवं अस्वस्थ लोगों को चलने में काफी कठिनाई होती है एवं आनंद मार्ग जागृति होने वाले कार्यक्रम में बुजुर्ग लोगों को चलने फिरने में काफी कठिनाई होती है ।इसको देखते हुए उन्होंने बुजुर्गों एवं अस्वस्थ लोगों के लिए व्हील चेयर दान किया।

### साकची के बीणापानी ज्वेलर्स में चैन चोरी — ग्राहक बनकर आया युवक डेढ़ लाख का सोने का चैन लेकर फरार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : साकची स्थित श्री राजू बर्मन के प्रतिष्ठान बीणापानी ज्वेलर्स में शनिवार को एक ग्राहक बनकर आए युवक ने हाथ की सफाई दिखाते हुए करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य का सोने का चैन चोरी कर लिया।

जानकारी के अनुसार, युवक दुकान में चैन खरीदने के बहाने आया था और बीच-बीच में नकद रुपए दिखाकर दुकानदार का विश्वास जीतने की कोशिश कर रहा था। मौका मिलते ही उसने चैन उठाया और मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी दुकानदार राजू बर्मन ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को दी, जिन्होंने तुरंत साकची थाना को इसकी सूचना दी।

## संपादक की कलम से

# क्या तालिबान सरकार को भारत मान्यता देगा ?

देवानंद सिंह




तालिबान सरकार के विदेश मंत्री भारत दौरे पर हैं। उनके भारत दौरे पर सबसे ज्यादा मिर्ची अगर किसी को लगी है तो वह पाकिस्तान है। भारत अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पड़ोसी देश को ऐसा कर उसे चिढ़ाने में भले ही सफल हो गया हो लेकिन साथ ही यह सवाल भी उठना शुरू हो गया है कि क्या मान्यता देने जा रहा है भारत तालिबान सरकार को ? चीन ने तो 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के कब्जे के बाद से ही संपर्क बढ़ाना शुरू कर दिया था। लेकिन भारत यही काम चार साल बाद कर रहा है।

हालांकि तालिबान के साथ पिछले दो सालों में भारत के संपर्क बढ़े थे लेकिन पहली बार विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी नई दिल्ली आए हैं। मुत्तकी, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंधित आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल हैं।

भारत दौरे के दौरान मुत्तकी की विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ उच्चस्तरीय बैठक हो चुकी है। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने इसी बैठक में काबुल में भारत के टेक्निकल मिशन को दूतावास में बदलने की घोषणा की।

बताते चलें कि अगस्त 2021 में तालिबान के आने के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास बंद कर दिया था। भारत ने अब तक दुनिया के कई देशों की तरह तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी है। रूस एकमात्र देश है, जिसने तालिबान को मान्यता दी है।

जयशंकर ने इस वार्ता को 'क्षेत्रीय स्थिरता और मजबूती की दिशा में एक कदम' बताया, वहीं मुत्तकी ने भारत को 'करीबी मित्र' कहा और भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान आने का न्योता दिया।

1990 के दशक में जब तालिबान पहली बार अफगानिस्तान की सत्ता में आया, तब भारत ने उसके शासन को मान्यता नहीं दी थी। लेकिन 2021 में तालिबान के दोबारा सत्ता में आने और अफगानिस्तान की स्थिति पूरी तरह बदलने के बाद, भारत ने व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए सीमित संपर्क शुरू किया। आज भारत और तालिबान के बीच कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों के हित एक-दूसरे से मिलते हैं।

भारत-अफगानिस्तान अपने साझा बयान में यह साफ कर चुके हैं कि दोनों का जोर आतंकवाद के विरोध पर है।

तालिबान इस्लामिक स्टेट खुरासान (आईएसआईएस-के) को न केवल अफगानिस्तान बल्कि पूरे इलाके. की शांति के लिए खतरा बताता है। भारत भी आंतकवाद के खिलाफ अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय मंचों से आवाज उठाता रहा है।

भारत यह सुनिश्चित करना चाहता है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए न हो। वहीं तालिबान भी अपनी सत्ता को स्थिर करने के लिए आईएसआईएस-के जैसे संगठनों को कमजोर करना चाहता है।

जेएनयू के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की पूर्व डीन और रिटायर्ड प्रोफेसर अनुराधा चिनॉय की नजर में वह मुत्तकी की यात्रा को भारत-अफगानिस्तान संबंधों के भविष्य के लिए एक सकारात्मक पहल से जोड़कर देख रही हैं। अनुराधा चिनॉय के मुताबिक लगता है कि अमीर खान मुत्तकी को बुलाकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने अच्छा कदम उठाया है। तालिबान से अगर बातचीत नहीं की तो इस इलाके (दक्षिण एशिया) में अस्थिरता बढ़ सकती है क्योंकि ट्रंप बार-बार बगराम एयरबेस को वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अफगानिस्तान ने भी भारत का समर्थन किया था। इसलिए बातचीत में दोनों के साझा हित शामिल हैं।

हालांकि अफगानिस्तान के कई लोग भारत और तालिबान की बढ़ती करीबी से बहुत खुश नहीं हैं। अफगानिस्तान के पत्रकार हबीब खान ने एक्स पर लिखा है, "एक अफगान होने के नाते मैं भारत की प्रशंसा करता हूँ क्योंकि भारत ने यहाँ कई काम किए हैं। सलमा बांध, संसद और रोड भारत ने बनवाए हैं लेकिन भारत तालिबान के साथ जिस तरह से चीजें सामान्य कर रहा है, उसे देखते हुए ठगा हुआ महसूस कर रहा हूँ। तालिबान एक अवैध शासन है, जिसने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है. इसे रोकना चाहिए।

हबीब खान ने एक और पोस्ट में लिखा है, "भारतीय पाकिस्तान से नफरत करते हैं लेकिन अफगान कहीं ज्यादा नफरत करते हैं। लेकिन तालिबान को आमंत्रित करना, जो पाकिस्तान के प्रॉक्सी रहे हैं, जिन्होंने आत्मघाती हमलों के जरिए सत्ता पर कब्जा किया और महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया है. तालिबान को भारत के दोस्त के रूप में सोचना भ्रम पैदा करता है। यह भारत को इतिहास के गलत मोड पर लाता है। 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के कब्जे के बाद वहाँ के विदेश मंत्री का यह पहला भारत दौरा है।

अफगानिस्तान में तालिबान के शासन को चार साल से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के कारण उसके सामने आर्थिक चुनौतियां बरकरार हैं। भारत ने 2021 से पहले लगभग 3 अरब डॉलर की सहायता से अफगानिस्तान में बांध, सड़कें, अस्पताल और संसद भवन जैसी परियोजनाएं जमीन पर उतारी थीं. तालिबान को इन परियोजनाओं को बनाए रखने और अधिक आर्थिक मदद की जरूरत है।

भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत का भी मानना है कि भारत-अफगानिस्तान के 'गहरे सांस्कृतिक संबंध' सत्ता परिवर्तन से बहुत अधिक प्रभावित नहीं होते हैं।

एक निजी चैनल (एनडीटीवी) से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि अफगानिस्तान भारत का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत करीबी साथी रहा है। यहां तक कि तालिबान के लोग भी भारत के प्रति सम्मान रखते हैं. सरकारें भले बदलती रही हों, लेकिन आम लोगों के बीच भारत-अफगानिस्तान का जुड़ाव हमेशा मजबूत रहा है और यही भारत की असली ताकत है।

त्रिगुणायत का कहना है, ₹भारत की मुख्य चिंता तालिबान नहीं था बल्कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी समूह थे जो भारत के खिलाफ काम कर रहे थे। तालिबान सरकार ने भारत को यह स्पष्ट भरोसा दिया है कि उनके यहां से भारत विरोधी कोई गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। पहले ऐसा नहीं था लेकिन अब उनका रुख बिल्कुल साफ है। उन्होंने पुलवामा हमले की भी निंदा की थी और भारत के साथ मिलकर आतंकवाद के खिलाफ काम करने की इच्छा जताई है।

कूटनीतिक दृष्टि से भी देखा जाए तो जिस तरह चीन, अफगानिस्तान में पैर पसार रहा है वह भारत की सेहत के लिए भी अच्छा नहीं है। भारत नहीं चाहता कि अफगानिस्तान पूरी तरह चीन या पाकिस्तान के प्रभाव में आ जाए। वहीं तालिबान भी नहीं चाहता कि एक ही देश पर उसकी निर्भरता बढ़े, इसलिए वह भारत जैसे वैकल्पिक सहयोगी की तलाश में है।सामरिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्मा चेलानी ने तो साफ साफ कहा है कि यह यात्रा 'पाकिस्तान के लिए एक झटका' है और यह तालिबान शासन को अप्रत्यक्ष रूप से मान्यता देने की दिशा में एक अहम कदम है। अपने पर उन्होंने लिखा है कि यह भारत और तालिबान के संबंधों में एक नए दौर की शुरूआत है, जहां दोनों पक्ष अपने-अपने रणनीतिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक सहयोग पर जोर दे रहे हैं।

# इस्राइल-हमास युद्धविरामः आशा की किरण या अस्थायी विराम?

ललित गर्ग





गाजा की धरती लम्बे दौर से संघर्ष, हिंसा, विनाश और तबाही की त्रासदी की गवाह रही है, आज फिर एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहाँ शांति की एक हल्की किरण दिखाई तो देती है, परंतु उसके चारों ओर धुएँ और राख का अंधकार अब भी विद्यमान है। हाल ही में हुए युद्ध-विराम ने न केवल मध्यपूर्व बल्कि समूचे विश्व को राहत की एक साँस दी है। गाजा में अमन-चैन की ओर जो सुखद कदम बढ़े हैं, उनका स्वागत होना चाहिए। परंतु यह सवाल भी उतना ही प्रासंगिक है कि क्या यह शांति स्थायी होगी, या यह केवल अगली लड़ाई से पहले का ठहराव भर है? समूची दुनिया चाहती है कि यह युद्ध विराम स्थायी हो क्योंकि इस्राइल और हमास के संघर्ष ने करीब बाइस लाख से अधिक लोगों को बेघर करके भुखमरी के कगार पर पहुंचा दिया है। ऐसे में दोनों पक्षों के लिये समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करना बेहद जरूरी होगा। जिसमें बंधकों व कैदियों की रिहाई, गाजा में मानवीय सहायता को अनवरत जारी रखना और इस्राइली सेनाओं की गाजा के मुख्य शहरों से आंशिक वापसी सुनिश्चित करना भी शामिल है। यह सब दूसरे चरण की बातचीत पर निर्भर हैं।

यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इसके बाद ही दूसरे चरण की बातचीत की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। यह बेहद मुश्किल चुनौतियों वाला चरण होगा। इस दौरान कई संवेदनशील मुद्दे सामने होंगे। सबकी निगाह इस पर होगी कि शांति समझौते के अगले चरण कब पूरे होते हैं और वे सही तरह पूरे होते भी हैं या नहीं? इस पर संशय इसलिए है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं कि इजरायली सेना गाजा में कितना पीछे हटेगी और वहां के प्रशासन को संचालित करने का कैसा तंत्र तैयार होगा और क्या उस पर हमास सहमत होगा? इसके अतिरिक्त जहां हमास को हथियार छोड़ने हैं, वहीं इजरायल को स्वतंत्र फिलस्तीन देश की राह आसान करनी है। हमास का कहना है कि हथियार तब छोड़े जाएंगे, जब स्वतंत्र फिलस्तीन का रास्ता साफ होगा। इस पर इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। यह ठीक है कि स्वयं की ओर से प्रस्तावित गाजा शांति समझौते पर अमल शुरू होने के अवसर पर मिस्र जाने के पहले इजरायल पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पहल को पश्चिम एशिया में शांति की स्थापना का पथ करार दिया और इजरायली प्रधानमंत्री से ईरान से समझौता करने को कहा। ऐसे किसी समझौते की सूरत तब बनेगी, जब ईरान इजरायल को मिटाने की अपनी जिद छोड़ेगा।

गाजा की वर्तमान स्थिति किसी एक राष्ट्र या एक नीति की देन नहीं है; यह दशकों से चली आ रही अविश्वास, असमानता और राजनीतिक स्वार्थों की परिणति है। इस बार के संघर्ष ने जिस तरह से निर्दोष नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को अपना शिकार बनाया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि युद्ध चाहे किसी भी नाम पर लड़ा जाए, उसका परिणाम हमेशा मानवीय त्रासदी ही होता है। अस्पताल, विद्यालय, धार्मिक स्थल-कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं रहा। अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बाद हमास ने आखिरकार शेष जीवित बचे बीस इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। जिसके बाद इस्राइल में किसी बड़े उत्सव जैसा जश्न दिखा। बहरहाल, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अभी भी इस्राइल-हमास जोखिमभरा युद्धविराम समझौता नाजुक बना हुआ है। इसकी वास्तविक परीक्षा आने वाले दिनों में होगी। इस संघर्षरत क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिये जरूरी है कि प्रमुख हितधारकों की ओर से गंभीर एवं ईमानदार प्रयास लगातार होते रहें। वर्तमान समय में सबसे बड़ी चुनौती भूतहा खण्डहर एवं तबाही में तब्दील हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण की होगी। दो साल से लगातार जारी युद्ध के चलते यह इलाका मलबे के ढेर में तब्दील हो चुका है।

एक नाजुक समय में जब युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि मानवीय विवेक का पुनर्जागरण भी है। यह समझना आवश्यक है कि शांति कोई समझौता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही कारण है कि यह युद्धविराम पूरी मानवता के लिए एक ह्यआशा की किरणह्व बनकर उभरा है। यह उस संभावना का प्रतीक है कि जब दुनिया के शक्तिशाली देश, विशेषकर अमेरिका, यूरोप, और अरब राष्ट्र अपनी राजनीतिक प्राथमिकताओं से ऊपर उठकर मानवीय सरोकारों को महत्व देते हैं, तो समाधान की दिशा में रास्ता बनता है। फिर भी इस शांति की वास्तविकता पर प्रश्नचिह्न बने हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही इस युद्धविराम को अपने कूटनीतिक प्रयासों की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया हो, पर सच यह है कि युद्ध तब रुका जब उसकी भयावहता अपनी चरम सीमा पर पहुँच चुकी थी। यह विराम किसी की ह्लकूटनीति की जीतह्व से अधिक, मानवीय विवशता की उपज है। अंतरराष्ट्रीय दबाव, मानवीय संगठनों की सक्रियता और आम नागरिकों की पुकार ने मिलकर इस विराम को संभव बनाया। अब सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यह शांति टिके, युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला फैले। क्योंकि जब तक गाजा के लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाएँ-पानी, भोजन, दवा, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन नहीं मिलते, तब तक शांति केवल कागजों पर दर्ज रहेगी। वास्तविक शांति केवल तब संभव है जब अन्याय, दमन और असमानता के ढाँचे टूटें। शांति का अर्थ केवल हथियारों का मौन नहीं, बल्कि हृदयों का परिवर्तन है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायली संसद को संबोधित करते हुए गाजा शांति समझौते को पश्चिम एशिया की ऐतिहासिक सुबह की संज्ञा दी। वे कुछ भी दावा करें, फिलहाल यह कहना कठिन है कि प्रमुख मुस्लिम देश इजरायल को मान्यता देने के लिए तैयार होंगे। भले ही ट्रंप यह कह रहे हों कि गाजा शांति समझौते को सभी मुस्लिम देशों का समर्थन मिला, लेकिन वस्तुस्थिति इससे अलग है। जब यह समझौता सामने आया था, तब उसे समर्थन देने और ट्रंप की प्रशंसा करने वालों में पाकिस्तान भी था, पर अब वह इस समझौते को समर्थन देने से केवल पीछे ही नहीं हट गया, बल्कि उसने अपने यहां ऐसा माहौल बनाया कि उसके विरोध में कट्टरपंथी तत्व सड़क पर उतर आए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि पाकिस्तान ने गाजा शांति समझौते को नकारने के लिए ही कट्टरपंथी तत्वों को सड़कों पर उतरने के लिए उकसाया और फिर उन पर गोलियां भी चलवाईं, ताकि दुनिया और विशेष रूप से अमेरिका को यह संदेश जाए कि उसके लिए गाजा शांति समझौते को स्वीकार करना संभव नहीं। यहां अमेरिका को पाक के दोहरे चरित्र को समझ लेना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अरब लीग और विश्व की सभी बड़ी शक्तियों की जिम्मेदारी है कि वे इस युद्धविराम को केवल घोषणा भर न रहने दें। उसे स्थायी बनाने के लिए एक ठोस मानवीय पुनर्निर्माण योजना तैयार की जाए, जिसमें राजनीतिक समाधान, मानवीय सहायता और संवाद-तीनों को समान महत्व मिले। गाजा के बच्चे जब फिर से स्कूलों में लौटेंगे, जब शरणार्थी अपने घरों में बस सकेंगे, जब भय की जगह भरोसा जन्म लेगा, तभी यह कहा जा सकेगा कि गाजा में शांति आई है। इजरायल को यहां ज्यादा उदारता का परिचय देना होगा, क्योंकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बहुत ताकतवर है। हमास को भी हिंसा से बचना चाहिए। द्वि-राष्ट्रीय व्यवस्था को जमीन पर ठीक से साकार करना हमास का लक्ष्य होना चाहिए । हमास को अपनी छवि सुधारने की चिंता करनी चाहिए, अगर उस पर यकीन किया गया है, तो उसे खरा उतरना होगा। गाजा में किसी भी सूरत में हिंसा की वापसी नहीं होनी चाहिए। आज यह युद्धविराम भले ही ह्यएक आशा की किरणह्व बना हो, परंतु उसे स्थायी प्रकाश में बदलना विश्व समुदाय के विवेक, संवेदनशीलता और सतत प्रयास पर निर्भर करता है।

# कुर्सी नहीं, भरोसे की राजनीतिः रमेश वर्मा का सफर

डॉ. सत्यवान सौरभ





### स्वयं विधायक पद का चुनाव नहीं लड़ा, पर कई विधायकों की डूबती नैया पार लगवाई

भिवानी के गाँव बड़वा में जन्मे रमेश वर्मा की राजनीतिक यात्रा एक ऐसे जननेता की कहानी है जिसने सत्ता नहीं, सेवा को साधन बनाया। चार दशक से अधिक समय में उन्होंने पंचायत से लेकर विधानसभा तक अपनी पहचान ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा से बनाई। गांवों में विकास, महिलाओं का सशक्तिकरण और युवाओं को दिशा देने के उनके प्रयास ग्राम राजनीति को नई परिभाषा देते हैं। भले ही उन्होंने स्वयं विधायक पद का चुनाव नहीं लड़ा, पर कई विधायकों की डूबती नैया पार लगवाई। वे यह याद दिलाते हैं कि राजनीति केवल चुनाव जीतने का खेल नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक सतत जिम्मेदारी है। रमेश वर्मा का नेतृत्व केवल निर्णयों में नहीं, बल्कि संवाद में दिखता है। वे लोगों की समस्याएँ सुनते हैं, अधिकारियों से समाधान करवाते हैं और परिणाम सामने आने तक उसका फॉलोअप करते हैं। इस व्यवहारिक राजनीति ने उन्हें एक भरोसेमंद चेहरा बना दिया है।

गांव की राजनीति को अक्सर स्वार्थ, गुटबाजी और जातिगत समीकरणों के चश्मे से देखा जाता है। लेकिन कभी-कभी उसी मिट्टी से ऐसे लोग भी निकलते हैं, जो यह साबित कर देते हैं कि राजनीति केवल सत्ता पाने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का सच्चा रास्ता भी हो सकती है। हरियाणा के भिवानी ज़िले के छोटे से गांव बड़वा से निकलने वाले रमेश वर्मा इसी सोच का जीवंत उदाहरण हैं। उनके चार दशक से अधिक लंबे सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सत्ता की लालसा नहीं, बल्कि सेवा का संस्कार दिखाई देता है।

रमेश वर्मा की यात्रा उस पीढ़ी से शुरू होती है, जब पंचायत केवल निर्णय का मंच नहीं बल्कि संवाद का प्रतीक हुआ करती थी। वर्ष 1983 में उनके पिता किशना राम सिंहमार के ग्राम सरपंच चुने जाने के समय से ही उन्होंने प्रशासनिक कार्य, गांव के विकास की जरूरतों और जनहित के मुद्दों को करीब से देखा। यही अनुभव उनकी राजनीतिक सोच की नींव बना। उस दौर में युवा रमेश ने पंचायत के कार्यों में सहयोग कर यह सीखा कि जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी होती है। राजनीति में यह सीख उन्हें आगे भी दिशा देती रही।

वर्ष 1996 में उन्होंने पहली बार जिला परिषद सदस्य के चुनाव में भाग लिया। 10 उम्मीदवारों में द्वितीय स्थान प्राप्त करना उस समय न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि थी, बल्कि यह संकेत भी कि बड़वा का यह युवा अपने गांव से आगे सोचने लगा था। तीन साल बाद, 1999 में, जब उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा मार्केट कमेटी सिवानी (हल्का बवानी खेड़ा) का चेयरमैन नियुक्त किया गया, तब उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारी को जनकल्याण की दृष्टि से निभाया। उस कार्यकाल में स्थानीय किसानों के हित, मंडी व्यवस्था की पारदर्शिता और व्यापारियों की सुविधाओं पर उनका ध्यान विशेष रहा।

रमेश वर्मा की राजनीति का दूसरा चरण 2005 में शुरू होता है, जब वे दोबारा अपने गांव के सरपंच चुने गए। पांच वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने जिस समर्पण से ग्राम पंचायत को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया, वह आज भी चर्चा का विषय है। सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट, नालियां, स्कूल भवन और मंदिर-पार्क जैसी परियोजनाओं में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। लोगों का कहना है कि उन्होंने राजनीति को दिखावे का साधन नहीं, बल्कि समाज निर्माण का माध्यम बनाया।

2016 में जब वे पंचायती चुनाव में मात्र 71 वोटों से दूसरे स्थान पर रहे, तब भी उन्होंने इसे पराजय नहीं, बल्कि जनता के नए मिजाज का सम्मान माना। यह विनम्रता और आत्मस्वीकार ही उन्हें आम नेताओं से अलग बनाती है। उस हार के बाद भी उन्होंने समाजसेवा का कार्य जारी रखा और अगले तीन वर्षों में लोहारू विधानसभा चुनाव (2019) में सक्रिय रूप से संगठन और प्रचार कार्य संभालकर यह साबित किया कि उनकी निष्ठा पद से नहीं, उद्देश्य से जुड़ी है। भले ही उन्होंने स्वयं विधायक पद का चुनाव नहीं लड़ा, पर कई विधायकों की ह्यडूबती नैयाह्व पार लगवाई। यह उनकी रणनीतिक सूझबूझ और जनसंपर्क कौशल का प्रमाण था – वे हर मोर्चे पर पार्टी और समाज के हित में मजबूती से खड़े रहे।

सिर्फ राजनीति ही नहीं, रमेश वर्मा की पहचान एक समाजसेवी के रूप में भी गहरी है। ₹स्वच्छ भारत अभियान₹ के दौरान उन्होंने न केवल गांव में सफाई अभियान चलाया, बल्कि लोगों को व्यवहारिक रूप से स्वच्छता की आदत डालने की प्रेरणा दी। महिलाओं के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह (रलट्ठ) की शुरूआत की, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में उन्होंने राशन, मास्क और सैनिटाइजर वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई, जबकि अधिकांश लोग भय से घरों में सीमित थे। उनके लिए सेवा किसी अवसर की प्रतीक्षा नहीं करती – वह जीवन का हिस्सा है।

युवाओं के लिए रमेश वर्मा ने कई खेलकूद प्रतियोगिताओं और करियर काउंसलिंग शिविरों का आयोजन करवाया। उनका मानना है कि गांव का युवा यदि सही दिशा और प्रेरणा पाए, तो उसे शहर की ओर पलायन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यही सोच उन्हें स्थानीय स्तर पर शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करती है।

उनकी राजनीतिक शैली में सबसे उल्लेखनीय बात है पारदर्शिता और जवाबदेही। उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि किसी भी योजना या विकास कार्य में जनता की भागीदारी हो। गांव की बैठकों में हर मुद्दे पर खुलकर चर्चा होती रही। उनका यह विश्वास कि ह्लराजनीति लोगों पर हुकूमत नहीं, बल्कि लोगों के बीच रहकर सेवा करने का नाम हैह्व – उनकी पहचान बन गया है।

रमेश वर्मा का नेतृत्व केवल निर्णयों में नहीं, बल्कि संवाद में दिखता है। वे लोगों की समस्याएँ सुनते हैं, अधिकारियों से समाधान करवाते हैं और परिणाम सामने आने तक उसका फॉलोअप करते हैं। इस व्यवहारिक राजनीति ने उन्हें एक भरोसेमंद चेहरा बना दिया है। यही कारण है कि वे 40 से अधिक गांवों में विकास योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत करवाने में योगदान दे पाए।

वर्ष 1983 से 2025 तक का उनका सामाजिक जीवन सम्मान और सीख दोनों से भरा है। हिसार और भिवानी के कई गांवों में उन्हें विभिन्न सामाजिक संगठनों और सांस्कृतिक मंचों द्वारा सम्मानित किया गया। 2024 में स्थानीय अखबारों में उन पर विशेष लेख प्रकाशित हुए, जिनमें उन्हें ह्लजागरूक नेता और समाजसेवीह्व कहा गया।

रमेश वर्मा की राजनीति में जो सबसे अलग दिखाई देता है, वह है ईमानदारी की निरंतरता।

अक्सर नेता चुनाव के समय जनता के बीच दिखते हैं, फिर पांच साल गायब रहते हैं, लेकिन रमेश वर्मा के मामले में यह पैटर्न उलटा है। वे हर परिस्थिति में अपने क्षेत्र के लोगों के बीच मौजूद रहते हैं – चाहे कोई समस्या हो या उत्सव। यह निरंतर जुड़ाव ही उन्हें ह्लजनता का आदमीह्व बनाता है, न कि सिर्फ ह्लपद का व्यक्ति।ह्व

उनकी दृष्टि साफ है – राजनीति में पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, किसानों की सुरक्षा और महिलाओं-युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देना। वे मानते हैं कि गांव और शहर के बीच विकास की खाई तभी पाटी जा सकती है, जब स्थानीय स्तर पर संसाधनों और अवसरों का समान वितरण हो।

आज जब राजनीति का बड़ा हिस्सा प्रदर्शन, बयानबाजी और प्रचार तक सिमट गया है, तब रमेश वर्मा जैसे नेता यह याद दिलाते हैं कि ह्लनेतृत्व का मतलब लोकप्रियता नहीं, जिम्मेदारी होता है।ह्व वे जनता को वोट बैंक नहीं, परिवार समझते हैं। यही कारण है कि उनके समर्थक उन्हें ह्लनेताह्व नहीं बल्कि ह्लसेवकह्व कहकर बुलाते हैं।

हरियाणा की राजनीति में जहां युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ते स्वार्थ और लाभवाद के बीच ईमानदार नेतृत्व की कमी महसूस की जा रही है, वहां रमेश वर्मा जैसे जनप्रतिनिधि उम्मीद की एक नई किरण हैं। उनकी यात्रा यह संदेश देती है कि गांव की गलियों से भी ऐसे नेता निकल सकते हैं जो प्रदेश और देश के स्तर पर नये मानक स्थापित करें।

आज जब लोकतंत्र को फिर से जनसंपर्क से जोड़ने की जरूरत महसूस हो रही है, तब रमेश वर्मा जैसे लोगों की कहानियाँ लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती हैं। वे उस परंपरा के प्रतिनिधि हैं जिसमें नेता जनता से दूर नहीं, बल्कि जनता के साथ चलता है। अगर भारत को सचमुच गांवों का देश कहा जाए, तो ऐसे नेताओं की भूमिका और भी बड़ी हो जाती है। क्योंकि गांव के नेता ही लोकतंत्र की पहली सीढ़ी होते हैं। और जब वह सीढ़ी मजबूत होती है, तभी ऊपर खड़ा ढांचा स्थायी रह सकता है। रमेश वर्मा जैसे जनप्रतिनिधि यही सुनिश्चित करते हैं कि लोकतंत्र की जड़ें केवल संविधान में नहीं, बल्कि गांव की मिट्टी में भी गहराई तक फैली रहें।

अंततः, रमेश वर्मा की कहानी केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि उस सोच की कहानी है जो राजनीति को नैतिकता से जोड़ती है। वे यह साबित करते हैं कि ह्लराजनीति में रहकर भी साफ रहा जा सकता है, यदि नीयत साफ हो।ह्व उनका जीवन इस बात का साक्ष्य है कि जनसेवा यदि ईमानदारी से की जाए तो वह केवल गांव नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को भी उजाला देती है।

# बदहाल छठ घाट के जीर्णोद्धार की भाजपा नेता मनोज सिंह ने मांग की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में छठ महापर्व काफी धूमधाम से भक्तों के द्वारा मनाई जाती है लगभग 6 स्थान में वृहद रूप से छठ व्रत करने वाले अर्घ्य देने आते हैं जिसमें प्रमुख रूप से शामिल है जादूगोड़ा के शिव मंदिर छठ घाट ,ईटा भट्ठा छठ घाट, इच डा नदी छठ घाट, राखा कोपर छठ घाट,सहित आस पास में कई जगह लोग भक्ति भाव से छठ महापर्व को मनाने दूर दराज से भी आते हैं,।

छठ महापर्व को लगभग 15 दिन शेष रह गए हैं लेकिन छठ घाट की स्थिति काफी बदहाल है। जादूगोड़ा के आसपास के क्षेत्र में यूसिल प्रबंधन के द्वारा छठ घाट का सुंदरीकरण कराया जाता है जिससे कि श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो रोड रास्ता एवं साफ सफाई भी की जाती है। रास्ते में लाइट की व्यवस्था भी



की जाती है छठ घाट कमेटी के द्वारा।

वही राखा कॉपर के छठ घाट की स्थिति काफी बदहाल हो चुकी है इसके बदहाली को देखते हुए

राखा कॉपर छठ पूजा समिति के संरक्षक मनोज प्रताप सिंह नें प्रशासन से अविलम्ब घाट जाने वाली सडक के जीर्णोद्धार की मांग की है,।

उन्होंने कहा है की दुर्गा पूजा से पूर्व ही शांति समिति की बैठक में और ग्रामीण एस पी के समक्ष भी इस मुद्दे को उठाया गया परंतु आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया।

वही यूसिल के कार्मिक अधिकारी राकेश कुमार ने कहा कि सभी छठ घाट का जल्द निरीक्षण किया जाएगा जो भी सुविधा होगी यूसिल प्रबंधन हर संभव देने का प्रयास करेगा।

कई सामाजिक संगठनों के द्वारा भी छठ घाट के साफ सफाई की जिम्मा ली जाती है वही जादूगोड़ा सार्वजनिक दुर्गा पूजा मोड कमेटी के सदस्यों के द्वारा जादूगोड़ा मोड चौक से लेकर इचडा छठ घाट तक साफ सफाईएवं पानी पानी की छिड़काव की जाती है ग्राम विकास समिति इचड़ा के द्वारा भी नदी घाट तक लाइट की व्यवस्था एवं चाय की व्यवस्था की जाती है।

सभी छठ घाट समिति के सदस्य ने प्रशासन से भी इस मामले को त्वरित कार्रवाई करते हुए छठ घाट के साफ सफाई का काम प्रारंभ करने की मांग किया हे

## जादूगोड़ा में भाजपाइयों को एकजुट करने में जुटे हैं भाजपा युवा मोर्चा के नेता विक्रम सिंह

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** घाटशिला विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा के द्वारा इस सीट को जीतने के लिए अपनी प्रतिष्ठा को दाव में लगा दी है।

जादूगोड़ा के भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह के नेतृत्व में युवा नेताओं के द्वारा लगातार भाजपा को मजबूत करने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हे।

विक्रम सिंह भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के काफी नजदीकी माने जाते हैं इनके द्वारा अभी से चुनाव प्रचार गांव-गांव जाकर किया जा रहा है जिससे कि क्षेत्र में भाजपा की वोट प्रतिशत बढ़ सके और भाजपा विजय हो सके।



राखा में हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में भी इनके प्रयास से भारी जनता के भीड़ उमड़ पड़ी एवं उनके द्वारा एक पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का जोरदार स्वागत भी किया गया रैली भी निकाली गई।

लगातार युवाओं को पार्टी से जोड़ रहे हैं जिससे पार्टी क्षेत्र में अपनी दमदार उपस्थिति प्रस्तुत कर सके। कई महिला सदस्य को भी इन्होंने पार्टी से जोड़ा है।

विक्रम सिंह के प्रयास की पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा भी काफी तारीफ की गई है एवं उन्होंने पार्टी का एक सच्चा युवा नेता इन्हें बताया है।

पार्टी के युवाओं ने युवा नेताओं में उनके साथ जोरदार प्रयास करने वालों में रोहित अग्रवाल, उज्जवल गुप्ता, ग्राम प्रधान जगदीश गोप, रतनी पत्रों ,अविनाश कुमार सहित कई सदस्य शामिल हे।

## 40 वा वार्षिक परमाणु ऊर्जा विभाग स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट को लेकर यूसिल को कोणार्क टीम का जोनल सलेक्शन शुरू

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**वेटरन के लिए आयोजित 200 मीटर रेट में चुने गए आनंद महतो, सामंतों मुर्मू**

**जादूगोड़ा** : 40 वा वार्षिक परमाणु ऊर्जा विभाग स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट को लेकर यूसिल को कोणार्क टीम का जोनल सलेक्शन आज से शुरू हो गया। इधर आगामी जनवरी महीने में आंध्र प्रदेश के मनु गुरु में इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा।यूसिल स्पोर्ट्स काउंसिल के चयनकर्ता मुरली मनोहर राव ने जानकारी दी कि



वेटरन के लिए 200 दौड़ में आनंद महतो व सामंतों मुर्मू को चयन किया गया।इसी तरह

100 मीटर रेस मे रणजीत पड़िया

वेटरन की एक अन्य प्रतियोगिता मसलन 5 किलोमीटर वॉकिंग में भी सामंतों मुर्मू को जगह मिली है।1500 रेस में भीम मार्डी व मुनीश भाटिया( एएमडी, शिलांग ) का चयन किया गया हैं।अन्य प्रतियोगिता में मसलन

लॉन्ग जंप_ गोपी नाथ, मुखी,

शॉर्ट फूट तापस दास

400 मीटर रेस में विष्णु मार्डी,शेखर मुर्मू।इसके अलावे बास्केट बॉल 11, वॉली बॉल 13, क्रिकेट 18, फूट बॉल 18 खिलाड़ियों का होगा चयन किया जाएगा।

## खरसावां के पद्मपुर में ऐतिहासिक काली पूजा परम्परा 128 वें वर्ष में प्रवेश

राष्ट्र संवाद संवाददाता
मृत्युंजय बर्मन

**समाज के हर वर्ण को सौपा गया दायित्व आज भी पूरी श्रद्धा से सम्पन्न किया जाता है।**

**स्थानीय संस्कृति और एकता के प्रतीक का यह स्थल शक्तिपीठ के रूप में विख्यात माना जाता है।**

सरायकेला-खरसावां जिला के पद्मपुर गांव की ऐतिहासिक काली पूजा, इस वर्ष 128 वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। यह परंपरा 1897 में आरंभ हुई थी। बताते हैं कि यह पूजा ठाकुर महेंद्र सिंह देव की अवधि में प्रारंभ हुई, और तब से लेकर आज तक बिना किसी विराम के यह परंपरा गांव की आस्था का प्रतीक बनी हुई है। यह न केवल धार्मिक अनुष्ठान बनी है बल्कि खरसावां की सांस्कृतिक पहचान बन गई है।

बताया जाता है कि तत्कालीन खरसावां राज परिवार के ठाकुर महेंद्र सिंह देव ने सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था के प्रतीक के रूप में पद्मपुर में मां काली की



स्थापना की थी। उस समय यह पूजा महज एक पारिवारिक अनुष्ठान थी, लेकिन धीरे-धीरे यह सप्तदिवसीय महोत्सव के रूप में पूरे क्षेत्र की पहचान बन गई है। हर वर्ष दीपावली के अवसर पर पद्मपुर में आयोजित होने वाला यह पर्व अब विशाल पद्मपुर काली मेला के रूप में प्रसिद्ध है। झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इस मेले में शामिल होने आते हैं। पूजा के दौरान पारंपरिक ढाक, नगाड़ा, हरवे-हथियारों की झांकी और बलि अनुष्ठान आज भी पुराने स्वरूप में किए जाते हैं।

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि पहले समय में ठाकुर परिवार स्वयं पूजा की अगुवाई करता था। पूजा के दिन पूरे राज्य के लोग यहां एकत्र होते थे। बिजली या पंडाल की व्यवस्था नहीं होती थी, दीपक और मशालों से पूरा मैदान जगमगाता था। आज भी गांव के लोग इस ऐतिहासिक परंपरा को उसी श्रद्धा और अनुशासन से निभा रहे हैं। प्रशासन की देखरेख में सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की जाती है, वहीं ग्रामीण इस उत्सव को ह्यराजकालीन विरासतह्न के रूप में सहेज कर आगे बढ़ा रहे हैं। पद्मपुर की यह काली पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि खरसावां की ऐतिहासिक धरोहर का जीवंत उदाहरण है, जो आज भी लोगों को उस समय की संस्कृति और एकता की याद दिलाती है।

2020 में जब कोविड-19 महामारी फैली, तो मेला नहीं हुआ, लेकिन मंदिर स्तर पर पूजा विधि-विधान के साथ जारी रही। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि यह पूजा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा और सांस्कृतिक रक्षा की परंपरा है। पदमपुर की काली पूजा न सिर्फ धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और एकता का प्रतीक हैं यह क्षेत्रीय पहचान का हिस्सा बन चुकी है। मेला आयोजन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सहयोग मिलता है। व्यापार, आतिथ्य और सामाजिक संपर्क बढ़ते हैं।

## उड़ीसा से झारखंड ला रहे रसूणचोपा चेक पोस्ट पर विभिन्न लोगों से 12 लाख बरामद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका** : घाटशिला उप चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लग चुकी है। इस बीच रसूनचोपा चेक पोस्ट में कड़ाई से जांच की जा रही है। जांच के दौरान सोमवार को कुल 12 लाख 28 हजार 400 रुपए अलग-अलग लोगों से बरामद किया गया वहीं ओड़िशा से सारे पैसे झारखंड लाया जा रहा था। इस बीच रसूनचोपा चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा जांच के दौरान मजिस्ट्रेट पदम लोचन महतो की उपस्थिति में वीडियोग्राफी के साथ लाखों रुपए जप्त किया गया। इस दौरान कोवाली थाना प्रभारी धनंजय



कुमार पासवान उपस्थित रहे, इस बीच रात के 8:00 बजे कोवाली थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान दलबल के साथ चेक पोस्ट में मौजूद थे कि इस बीच मांझारी के सुनीता सवैया से 6 लाख अस्सी हजार लेकर हल्दी पोखर यूनियन बैंक आ रहे थे कि चेक पोस्ट में पकड़ लिया गया वहीं पूछताछ के बाद सभी पैसों को जप्त कर लिया गया है। वहीं आचार संहिता के अनुसार पचास हजार से ज्यादा ले जाने वाले पैसे को बरामद की जा रही है। सुनीता सेवईया ने कहा कि मैं यूनियन बैंक ग्राहक सेवा केंद्र चलाती हूं। उसी का पैसा है। मांझारी चाईबासा में मिनी एटीएम के माध्यम से मै कार्य करती हूं। चार अलग-अलग मामलों में कुल 12 लाख 28 हजार 400 रुपया बरामद किया गया जिसमें पहले 73 हजार, दूसरे व्यक्ति से 1 लाख 25 हजार 400 एवं तीसरे व्यक्ति से तीन लाख 50 हजार तथा सुनीता सेवईया से 6 लाख 80 हजार रुपए बरामद किया गया। वही मजिस्ट्रेट पदम लोचन महतो ने कहा कि चार अलग-अलग वाहनों से जांच के दौरान सारे पैसे बरामद किए गए हैं। इन पैसों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चेक पोस्ट पर जांच अभियान को और तेज कर दिया गया है

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को प्रखंड के हाता स्थित अभिनंदन होटल का किया औचक निरीक्षण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जिला के खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार को प्रखंड के हाता स्थित अभिनंदन होटल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितता पाई गईं। पदाधिकारी के निरीक्षण में होटल में रसोइया व वेटरों को सिर पर बिना टोपी और एप्रेन पहने, काउंटर पर अक्टूबर माह में एक्सपायर ब्रेड मिलने, होटल का फार्म भी अनुज्ञप्ति नहीं रहने सहित अन्य खामियां मिलीं। खामियों पर होटल संचालक को कड़ी चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान भंडार से खोवा का सैंपल जांच हेतु लिया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि पर्व त्योहार सहित सभी



मौके पर शुद्ध खाद्य सामग्री मिलें,यह सुनिश्चित करने हेतु जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा होटल संचालक को निर्देश दिया गया है कि खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करें अन्यथा कारवाई होगी। निरीक्षण में कृष्णा स्वीटस से भी मिठाई का सैंपल लिया गया। जांच में अनुसेवक नरेश प्रसाद,संजय मुंडा शामिल थे।

## कांड्रा स्थित अमलगम स्टील कंपनी में जीएसटी टीम ने छापेमारी कर चार घन्टो तक किया कागजातों की जांच

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया** ।कांड्रा स्थित अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड कंपनी में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने छापेमारी कर करीब चार घन्टो तक दस्तावेजों की जांच किया। दोपहर करीब 12 बजे से ही जीएसटी की टीम कंपनी में जांच में जुटी रही। हालांकि, यह कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय रखी गई थी। है। दोपहर करीब 12 बजे जमशेदपुर और रांची से तीन वाहनों में सवार होकर जीएसटी विभाग के अधिकारी कांड्रा पहुंचे





और सीधे कंपनी परिसर में दाखिल होकर कंपनी के प्रशासनिक भवन की ओर रुख किया। प्रशासनिक भवन में उन्होंने दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। यह कार्रवाई किस मामले में की जा रही है, इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। टीम में शामिल अधिकारी सदस्य मीडिया से किसी भी तरह की जानकारी साझा करने से बचते रहे। इस दौरान किसी बाहरी व्यक्ति को कंपनी परिसर के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा था। बताया जा रहा है कि जांच में वित्तीय लेन-देन और टैक्स संबंधी कागजातों को खंगाला जा रहा है। इधर, इस मामले में कंपनी के अधिकारियों द्वारा भी किसी प्रकार का आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## ट्रैफिक प्रभारी ने कांड्रा क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया, दी चेतावनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर मंगलवार को यातायात प्रभारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में कांड्रा थाना क्षेत्र में अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाते हुए चालकों को सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों से मुख्य मार्ग पर अनावश्यक पार्किंग से बचने की सलाह भी दिया। इस क्रम में कई



होटल और दुकानों के सामने खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। ट्रैफिक प्रभारी ने होटल संचालकों को अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों के आगे किसी भी वाहन की पार्किंग की अनुमति करने देने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी होटल या व्यक्ति को इस तरह वाहन पार्किंग करते दुबारा पाया गया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 29वां श्री श्याम जन्म महोत्सव का सौंपा निमंत्रण ईचागढ़ विधायक को



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन, चांडिल के अध्यक्ष संजय चौधरी की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने ईचागढ़ विधायक सविता महतो को आगामी 29वां श्री श्याम जन्म महोत्सव का निमंत्रण पत्र सौंपा।

इस दौरान संजय चौधरी ने विधायक को महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक किया जाएगा।

31 अक्टूबर को श्याम बाबा की अनुपम रंगारंग झांकी का आयोजन चिराग ग्रुप द्वारा किया जाएगा। वहीं, 1 नवम्बर की संध्या 7 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा भजन संध्या का उद्घाटन किया जाएगा, जिसके पश्चात प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा भजनों की अमृत वर्षा, रंगारंग नृत्य और संगीत नाटिका की शानदार प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता, अश्वनी धर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### गालूडीह साप्ताहिक हाट से मोटरसाइकिल की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : पोटका प्रखंड अंतर्गत दामुडीह के रहने वाले वोटेन हांसदा की मोटरसाइकिल गालूडीह साप्ताहिक हाट चोरी हो गई। घटना बीते 13 सितंबर सोमवार साढ़े तीन बजे घंटी।इस बाबत पीड़ित वोटेन हांसदा ने गालूडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। थाने में दर्ज शिकायत मे बीते कल सोमवार को कन्यालुका ( धालभूमगढ़ ) से आने के क्रम में गालूडीह साप्ताहिक हाट में सब्जी की खरीद_दारी पहुंचे व वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल संख्या जे एच 05 सी ई / 1402 गायब हो गई। काफी खोजा लेकिन उसकी स्प्लेंडर प्लस नहीं मिला

### नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट में मना दंतोपंत ठेंगड़ी जी का 22 वां पुण्य तिथि, यूरेनियम मजदूर संघ ने दीश्रद्धांजलि



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : यूसिल की मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन के पूर्व महामंत्री आनंद महतो की अगुवाई में यूरेनियम मजदूर संघ की ओर से भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दंतोपंत ठेंगड़ी जी का 22 वां पुण्य तिथि मनाई गई। इस मौके पर नरवा पहाड़ यूरेनियम कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित की गई व उनके चलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गईं।इस मौके पर लोगों के बीच खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में यूरेनियम मजदूर संघ की ओर से पूर्व महामंत्री आनंद महतो,सोनाराम हांसदा , चरण किस्कू ,घानीराम टूडू , सिमांतो मुर्मू अहम योगदान दिया।

### विद्या निकेतन उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया उत्कृष्ट मॉडल





राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** पोटका के upg govt+2s VNIKETAN HALDIPOKHAR स्कूल में मंगलवार को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कौशल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें मीडिया और इंटरटेनमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स & हार्डवेयर तथा IT/ITES विषय के विद्यार्थियों ने नवाचार और तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न आकर्षक व ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किया। इस आयोजन में व्यावसायिक प्रशिक्षक सूर्यमणि यादव, सुदीप कुमार महतो, रितेश कुमार का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य नरेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री श्रीकांत सरदार, शिक्षक मानस रंजन पात्र, सतीश चंद्र मुंडा, समर कुमार मंडल, रंजीत कुमार महतो, चिंतामणि त्रिपाठी, शिक्षिका नीतू शर्मा, कुमारी गीता, वर्षा पूर्ति ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की।

### सारंडा वाइल्डलाइफ सेंचुरी को लेकर टाटाझ्रचाईबासा एनएच-75ए जाम, 25 अक्टूबर को आर्थिक नाकाबंदी की घोषणा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा वाइल्डलाइफ सेंचुरी को लेकर आदिवासी संगठनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि सुप्रीम कोर्ट अपने आदेश पर पुनर्विचार नहीं करती है, तो आगामी 25 अक्टूबर को पूरे कोल्हान प्रमंडल में आर्थिक नाकाबंदी की जाएगी। संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नाकाबंदी के दौरान ह्लसारंडा क्षेत्र से एक मिट्टी का ढेला भी बाहर नहीं जाने दिया जाएगा।ह्व

आदिवासी नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार दोनों को इस मामले में पहल करने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारें इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं, जबकि यह सीधे तौर पर आदिवासियों की आजीविका और अस्तित्व से जुड़ा मामला है।

ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारियों ने टाटाझ्रचाईबासा एनएच-75E मार्ग को जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात घंटों बाधित रहा।

इस मौके पर बिरसा मुंडा, झारखंड आंदोलनकारी सहित कई प्रमुख आदिवासी नेता मौजूद थे।

## कुत्ते के मालिकाना हक को लेकर भिडी दो युवतियाँ, गेंद पुलिस के पाले में

**सुमेरपुर हमीरपुर एजेंसी।** एक कुत्ते के मालिकाना हक को लेकर दो युवतियों के बीच अनोखा विवाद सामने आया है। मामला सुमेरपुर थाना क्षेत्र का है, जहां दोनों पक्षों ने 'शेरू' नाम के कुत्ते पर अपना-अपना दावा किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद फिलहाल कुत्ते को थाने में सुरक्षित रख लिया है और असली मालिक की पहचान के लिए प्रमाण मांगे हैं। जानकारी के अनुसार, कुंडौरा गांव निवासी श्रीपत कुशवाहा की बेटी सेजल कुशवाहा का कहना है कि यह कुत्ता पिछले सात महीनों से उनके पास है। वहीं, घनश्याम यादव की बेटी चाहत यादव का दावा है कि 'शेरू' उनका पालतू कुत्ता है जो पिछले शनिवार को घर से खो गया था। चाहत का कहना है कि कुत्ते के खोने के बाद उसने आठ दिनों से ठीक से खाना भी नहीं खाया है। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने ग्राम प्रधान को बुलाया। ग्राम प्रधान ने बताया कि उन्होंने यह कुत्ता सेजल कुशवाहा के घर पर देखा था। इस पर पुलिस दोनों पक्षों से मालिकाना हक के दस्तावेज मांग रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला जांच के अधीन है। साक्ष्य और दस्तावेजों के आधार पर कुत्ते को उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया जाएगा। फिलहाल 'शेरू' थाने में पुलिस की देखरेख में है।

## महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता में शामिल छात्राएं

**ललितपुर, एजेंसी ।** युवा कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही ने कवि सम्मेलन के संयोजन व संचालन के जरिए देश में जिले का नाम रोशन किया है। अभी हाल में ही राजस्थान के बूंदी, नेंनवा में अपनी कवि टीम के साथ जाकर जनपद का नाम रोशन किया है। मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, शाहगढ, मुंगावली के बाद उड़ीसा प्रांत में अपने मंच संचालन, संयोजन के माध्यम से इस जनपद को गौरान्वित किया है। इस समय कवि जैन वीरेंद्र विद्रोही पूरे हिंदुस्तान में कवि सम्मेलन संचालक, संयोजक रूप में विशेष ख्याति प्राप्त कर चुके है। निरंतर अच्छी कवि टीम के साथ अपने संयोजन को मजबूती के साथ लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे है। अपने जनपद का नाम रोशन करने में उन्हें बहुत खुशी महसूस होती है। इसी माह महाराष्ट्र में औरंगाबाद, जालना में संयोजित कवि सम्मेलन का संचालन करेंगे।

## अपराधियों की कमर टूटी: गैंगस्टर कोर्ट ने सुनाई सजा चार शातिर अपराधी दोषी करार

**बांदा एजेंसी ।** गैंगस्टर कोर्ट बांदा ने एक शातिर अपराधी गिरोह के चार सदस्यों को दो वर्ष छह माह के कठोर कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना चिल्ला के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र बहादुर सिंह की रिपोर्ट पर यह मुकदमा पंजीकृत हुआ था। गिरोह के सदस्य आदर्श कुमार, भोला लोधी, सर्वेश, और नरेश निवासी जनपद फतेहपुर, लूट व राहजनी की घटनाओं में सक्रिय थे। गैंग की विवेचना निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने की। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह, पैरोकार अभिजीत, कोर्ट मोहर्रिर गौरव दिवाकर एवं जीतेन्द्र कुमार ने प्रभावी पैरवी की। अपर सत्र न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) प्रदीप कुमार मिश्रा ने साक्ष्यों के आधार पर चारों अभियुक्तों को दोषी करार दिया। विशेष लोक अभियोजक सौरभ सिंह ने कहा कि गिरोह अवैध हथियारों से लोगों में भय फैलाने और अपराध के जरिए आर्थिक लाभ अर्जित करने में लिप्त था।

## तहसीलदार ने दिवंगत छात्र के परिजनों को दी सांत्वना, आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

**पैलानी /बांदा एजेंसी।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत खप्टिहाकला के नई बस्ती में रविवार को सुबह आठ बजे सुनील कोटार्य का लड़का मोनू कोटार्य बारह वर्ष जो परम हंस श्री रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खप्टिहाकला में कक्षा सात का छात्र था अपनी मां अंजू देवी के साथ मिट्टी लेने दो सौ मीटर दूर टीला गये थे वहां पंगू प्रजापति की बहू ममता भी गई थी वहां पहले से मौजूद गौरा पत्नी अलखराम चालीस वर्ष मिट्टी खोद रही थी तभी अचानक टीला धंसने से मोनू कोटार्य की मौत हो गई तथा ममता गंभीर रूप से घायल हो गई थी दोनों को मेडिकल कॉलेज बांदा भर्ती कराया गया जहां पर डॉक्टरों ने मोनू कोटार्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं आज तहसीलदार पैलानी राधेश्याम सिंह व नायब तहसीलदार पैलानी मुहम्मद मुस्तकीम व लेखपाल अमित सिंह ने पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दैवीय आपदा कोष से आर्थिक मदद दिलाए जाने को लेकर आश्वस्त किया।

## मनु शतरूपा और रावण जन्म की लीला का मंचन

**नरैनी/बांदा एजेंसी ।** रामलीला मंचन के दूसरे दिन मनु शतरूपा और रावण जन्म की लीला का मंचन देखने क्षेत्र की भीड़ उमड़ पड़ी । रावण और कुंभकर्ण की तपस्या एवं गर्जना सुन प्रांगण में बैठे बच्चे भयभीत हो उठे ।संकट मोचन रामलीला समिति नरैनी के तत्वाधान में द्वितीय दिवस रामलीला मंचन में जहां एक ओर मनु और शतरूपा के वैराग्य जैसे मार्मिक लीला का मंचन देख दर्शक मंत्रमुग्ध हुए वहीं दूसरी ओर दशग्रीव रावण और उनके छोटे भाई भीमकाय कुंभकर्ण एवं विभीषण के जन्म एवं मेघनाद दिग्विजय की वीर रस से परिपूर्ण मंचन देख दर्शकों का भरपूर मनोरंजन भी हुआ । महाराज मनु का अभिनय उमेश दीक्षित ने, रावण का अभिनय फ़ालगो प्रसाद द्विवेदी ने ,कुंभकर्ण का अभिनय रवि तिवारी तथा विभीषण का अभिनय ज्ञानेंद्र पाण्डेय एवं मेघनाद का अभिनय योगेश प्यासी ने किया । महाराज मनु के तीर्थाटन के दौरान ऋषि मुनियों के भजन सुनकर दर्शक खुशी से नाच उठे । इस अवसर पर संतोष दीक्षित, रामप्रकाश तिवारी, मदन गोपाल शुक्ला आदि ने अपने अभिनय से सबको आकर्षित किया ।

## स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जे का प्रयासमना करने पर मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर एजेंसी।** घटवार में हुये विवाद को लेकर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पीड़ित पक्ष की ओर से लीलादेवी पत्नी हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि 11 अक्टूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे वह अपने परिवार के साथ वेदी निर्माण कार्य में थी, उसके पति खाना खाने आये हुये थे। तभी पिसनारी निवासी सुरेश कुशवाहा पुत्र रूपलाल, घटवार निवासी जानकी प्रसाद, लक्ष्मन, हरकिशन पुत्रगण हजारीलाल, रामदेवी पत्नी लक्ष्मन, लाड़कुंवर पत्नी जानकी, जगतदेवी पत्नी हरकिशन व राजीव पुत्र हरकिशन एकराय होकर आये और स्टे वाली जमीन पर लकड़ी रखकर अवैध कब्जा करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उसके पति हरप्रसाद से गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि कुल्हाड़ी, सरिया, डण्डे और बल्लियों से मारपीट कर दी। चीखपुकार होने परवह अपने बड़े जेठ जयराम कुशवाहा, पुत्र हेमन्त भागकर पहुंचे, तो उक्त लोगों ने सभी पर हमला करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# मासूम की चोरी और खरीद-फरोख्त में छह गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** कलियर थाना क्षेत्र में दरगाह के पास से चोरी हुए बच्चे को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बच्चों की खरीद-फरोख्त में शामिल छह आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है। बच्चे को चोरी करने के बाद उसका चार लाख नब्बे हजार में सौदा किया गया, जिसमें से एक लाख की रकम ऑनलाइन भेजी गई थी। कलियर थाने में मामले का खुलासा करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को अमरोहा ज्योतिबा फुले नगर निवासी जहीर अंसारी अपनी पत्नी और तीन माह के बेटे के साथ जियारत के लिए कलियर आया था। 10 अक्टूबर की रात बिताने के लिए पति-पत्नी और बच्चा एक दुकान के पास रुक गए। देर रात दो महिलाएं उनके पास आई और कुछ लोगों द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत करते हुए वहां रुक गई। इस दौरान दोनों अंजान महिलाओं ने दंपत्ति से जान पहचान बढ़ाई और घुलना-मिलना शुरू कर दिया।



कुछ समय बाद अंजान महिलाओं में से एक उसे चाय पिलाने के बहाने अपने साथ ले गई। इस दौरान दूसरी महिला सो रही उसकी पत्नी की गोद से बच्चा चुराकर भाग गई। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान जुटाए गए मैनुअल व डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम मेरठ पंहुची तो उनके हाथ इस पूरी वारदात की एक अहम कड़ी लगी, जिसका नाम था आस मोहम्मद लंगड़ा। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पहले आस मौहम्मद की पत्नी शहनाज (अज्ञात महिलाओं में से एक) और फिर सलमा (दूसरी अज्ञात महिला) तक पहुंची और उनसे पूरे घटनाक्रम की पूछताछ की। पूछताछ में बच्चा चोरी के बाद उसके बेचने की पूरी चेन की परत खुली और पुलिस टीम ने अन्य संदिग्ध महिला अंचन, नेहा शर्मा और बच्चे के अंतिम खरीददार विशाल गुप्ता उर्फ अच्ची को दबोचा।

एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पुलिस की पकड़ में आए विशाल गुप्ता की शादी को 10 साल होने के बाद भी कोई संतान नहीं थी, जिस कारण वह अपना और अपनी पत्नी का प्रेम अस्पताल मेरठ में इलाज करा रहा था। जहां नेहा शर्मा बतौर पैसेन्ट कोर्डिनेटर काम कर रही थी। इलाज के दौरान विशाल गुप्ता ने नेहा शर्मा को बताया कि अगर कोई गरीब अपने बच्चों की परवरिश नहीं कर पा रहे हैं तो वह बच्चे का लालन-पालन करने को तैयार हैं। ये बात जानकर नेहा शर्मा एवं अन्य ने कलियर जैसे भीड़भाड वाले इलाके से बच्चा चोरी का प्लान बनाया। योजना के मुताबिक बच्चा चोरी करने में सफल होने पर शहनाज व सलमा को आस मोहम्मद लंगड़ा ने बुक की गई स्विफ्ट डिजायर के जरिए बच्चे सहित कलियर से लेकर फरार हो गया था। इन्होंने बच्चा तीन लाख में अंचन को और अंचन द्वारा तीन लाख नब्बे हजार में नेहा शर्मा को बेचा। अन्त में नेहा शर्मा ने भी 01 लाख रुपये का लाभ कमाते हुए बच्चे को कुल चार लाख नब्बे हजार रुपये में विशाल गुप्ता को बेच दिया। पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर नाबालिक शिशु को विशाल गुप्ता के घर से सकुशल बरामद कर लिया गया। इस ब्लाइंड कैश की गुत्थी सुलझा कर नादान शिशु को माता-पिता को सौंप दिया। आरोपितों में आस मोहम्मद लंगड़ा पुत्र शुकरू द्दीन, शहनाज पत्नी आस मोहम्मद लंगड़ा, सलमा पत्नी राज, अंचन पत्नी महेंद्र तिवारी, नेहा शर्मा पत्नी अमित शर्मा व शामिल हैं।

## ग्राम उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, नारा, जुवरा, महंदापुर और मोंगरी कड़ा आदि के ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कराई जाए-अजय सोनी

**कौशाम्बी,एजेंसी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को विद्युत आपूर्ति में समस्या और विद्युत उपभोक्ताओं की समस्यायों को लेकर किसान नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी की अगुवाई में मंझनपुर स्थित विद्युत दफ्तर का घेराव किया गया और विद्युत विभाग के जिम्मेदारों से विद्युत से संबंधित समस्यायों के निराकरण की मांग की गई। निराकरण नहीं किए जाने पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंझनपुर स्थित विद्युत दफ्तर परिसर में सकिपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विद्युत आपूर्ति और विद्युत उपभोक्ताओ की समस्यायों को लेकर प्रदर्शन, नारेबाजी की। लोगो का कहना था कि अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं जबकि विद्युत आपूर्ति में लगातार कटौती जारी है, जिसके चलते ही जिलेभर के लोग आक्रोशित हैं। पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि मेरे द्वारा पिछले महीने जिला पंचायत सदन की बैठक में विद्युत आपूर्ति और विद्युत उपभोक्ताओं की समस्यायों को लेकर मुद्दा उठाया गया था लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अजय सोनी ने साफ कहा है कि विद्युत विभाग मनमानी कर रहा है जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ अजय सोनी ने सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, मोंगरी कड़ा, नारा, जुवरा, बरौला आदि के ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि किए जाने की मांग की। अधिशाषी अभियंता विद्युत के अनुपस्थित रहने पर एक पांच सूत्रीय ज्ञापन विद्युत कर्मी आशुतोष पटेल को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में सिराथू ब्लॉक के ग्राम नारा और शमसाबाद में नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जाने, घाटमपुर विद्युत उपकेंद्र, कुरा मुरीदन विद्युत उपकेंद्र, देवखरपुर विद्युत उपकेंद्र समेत जिले के सभी विद्युत उपकेंद्रों से ग्रामीण इलाकों में 20 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति किए जाने, सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, नारा, जुवरा, महंदापुर, मोंगरी कड़ा आदि के ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि किए जाने, रोस्टर के अनुसार कृषि फीडरों में 12 घंटे विद्युत आपूर्ति, विद्युत और जिन विद्युत उपभोताओं के बिलों में अतिरिक्त बिल बढ़कर आ रहा है उन बिलों का समुचित संशोधन किए जाने जैसी मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर प्रदीप शुक्ला, अनिल यादव, राजेश गौतम, आर्यन गौतम, रोहन गौतम, कमरूल अब्बास, जुम्मन अली आदि मौजूद रहे।

## कानपुर में 10 क्विंटल खराब मावा नष्ट- खाद्य विभाग ने 11 सैंपल लिए, 5.80 लाख का माल जब्त किया

**कानपुर,एजेंसी।** कानपुर में खाद्य विभाग के द्वारा छापेमारी जारी है । जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम लगातार छापेमारी कर रही है। दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य) संजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद की निर्माण इकाइयों, पैकिंग यूनिट, कोल्ड स्टोरेज, भंडारण इकाइयों, अस्थायी भट्ठियों और मंडियों पर सघन छापेमारी की।

प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 11 नमूने एकत्र कर विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत कुल 5 लाख 80 हजार 441 रुपए के खाद्य पदार्थों को सीज ,नष्ट किया गया। इसमें 1150 किलोग्राम मावा भी शामिल है, जिसे अनुपयुक्त पाए जाने पर हटाया गया। साइकिल सब पर भारी है के नारे गूंजते रहे। श्रीमती चौबे ने रोड शो के समापन पर नगरवासियों से अपील की कि वे शहर के समग्र विकास के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करें और आगामी चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाएं।

मेसर्स जय माँ वैष्णो खोया भंडार, बर्रा-8 के परिसर से अस्वच्छ परिस्थितियों में निर्मित 100 किलोग्राम खराब गुणवत्ता का खोया 30,000 रुपए कीमत नष्ट कराया गया। इसी प्रकार, भीतरगांव और चिस्ती नगर, चकेरी में भंडारित 403 लीटर खाद्य तेल (मूल्य 66,840 रुपए का सीज किया गया। भौंती मोड़ और टिकरा गांव में जालौन एवं कानपुर देहात से पिकअप द्वारा लाए जा रहे 1050 किलोग्राम मावा 3,78,000 रुपए का खाद्य उपयोग के लिए अनुपयुक्त पाए जाने पर नष्ट कर दिया गया। हरजेन्दर नगर, रामादेवी चौराहा पर उन्नाव से लाया गया 410 किलोग्राम पनीर (मूल्य 1,06,600) भी खराब गुणवत्ता का होने के कारण नष्ट किया गया। खाद्य सचल प्रयोगशाला (FSW) द्वारा मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर ग्राहक संतुष्टि फीडबैक स्टिकर लगवाए और विक्रेताओं को स्वच्छता तथा हाइजीनिक दशाओं में खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं विक्रय के निर्देश दिए। उन्होंने नपाध्यक्ष प्रत्याशी ने कहा कि भाजपा शासन में नगर की सड़कें जर्जर हुईं, सफाई व्यवस्था बिगड़ी और जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ा।

# चरस मामले में फरार चल रहा आरोपी डेढ़ साल बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे, फतेहपुर से गिरफ्तार

**धर्मशाला,एजेंसी।** जिला कांगड़ा के पुलिस थाना कांगड़ा की टीम ने चरस के मामले में वांछित आरोपी को करीब डेढ़ साल के बाद फतेहपुर से गिरफ्तार कर लिया है। एक किलो 943 ग्राम चरस के मामले में यह चौथा आरोपी था जो फरार चल रहा था जबकि इस मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी की पहचान सुरिन्द्र पाल उर्फ साहिल पुत्र राजपाल निवासी गांव चलवाडा तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा उम्र 25 साल के रूप में हुई है। गौरतलब है कि बीते 12 मार्च 2024 को कांगड़ा पुलिस द्वारा तीन आरोपियों सुख राम पुत्र देव चन्द निवासी गांव द्रूण डाकघर रोपा तहसील पधर



जिला मण्डी उम्र 46 साल, बिशन दास पुत्र ब्रतु राम निवासी गांव सनवाड डाकघर बठेरी तहसील कोटला जिला मण्डी उम्र 46 साल व शुभकरण पुत्र रवि कुमार निवासी गांव समकेहड डाकघर जौंका रातिताल तहसील ज्वाली जिला कांगड़ा उम्र 24 साल को एक किलो 943.5 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया था। जबकि इस मामले में चौथा आरोपी फरार चल रहा था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कांगड़ा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। विशेष गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा की गई रणनीतिक कार्रवाई के फलस्वरूप फरार चल रहे आरोपी सुरिन्द्र पाल उर्फ साहिल को उपरोक्त को डेढ़ साल बाद फतेहपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगामी कार्यवाही की गई है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि यह गिरफ्तारी कांगड़ा पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि अपराधी कितने भी समय तक फरार रहें, कानून से बच नहीं सकते। उन्होंने बताया कि कांगड़ा पुलिस निरन्तर नशा माफिया के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में कार्य कर रही है।

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**ललितपुर,एजेंसी ।** कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में माह अक्टूबर 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की संचारी से सम्बन्धित विभागों ने द्वितीय सप्ताह में अपनी कार्ययोजनानुसार कार्य किया है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने विभागों द्वारा किए गये कार्यों की विभागवार द्वितीय सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की इन गतिविधियों के माध्यम से जनपदवासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया जायेगा। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी ने डैसबोर्ड से प्राप्त मानीटरिंग फीडबैक प्रस्तुत किया। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के मानीटरिंग फीडबैक की समीक्षा करते हुए एडीएम ने एसएमओ (डब्लू.एच.ओ.) एवं डी.एम.सी. यूनीसेफ को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रतिदिन के मानीटरिंग फीडबैक को प्रतिदिन सीएमओ को उपलब्ध करायें, जिससे कमी होने पर उसमें तत्काल आवश्यक सुधार की कार्यवाही कराई जा सके।

## बैठक में अधिकारियों से वार्ता करते एडीएम

**ललितपुर ,एजेंसी।** महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महर्रा विद्यालय में गुड टच एवं बैड टच विषय पर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य डा.सुनील जैन ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कहा कि बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही यह जानकारी दी जानी चाहिए कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित (गुड टच) है और कौन-सा असुरक्षित (बैड टच)। इससे वे किसी भी अनुचित परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकते हैं और अपने अधिकारों के प्रति सजग बन सकते हैं। मुख्य वक्ता प्रीति जैन एवं भावना सेन ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## जनपद में चलाया गया विशेष सघन बैंक चेकिंग अभियान

**बांदा एजेंसी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों और उसके आसपास के क्षेत्रों से होने वाली आपराधिक घटनाओं- लूट, छिनैती, चोरी तथा टप्पेबाजी आदि को नियंत्रित करने के लिए आज जनपद में विशेष सघन बैंक/एटीएम/वित्तीय संस्थानों की चेकिंग का अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा एटीएम/बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों आदि को चेक किया गया । इस दौरान एटीएम/बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों यथा सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म तथा अग्निशामक यंत्रों आदि को चेक किया गया तथा आपात स्थिति में उनकी तैयारियों को भी परखा गया साथ ही 24 घण्टे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

# बड़ी खबर SECL गेवरा से जमकर हुई मारपीट, पहले बहिष्कार-अब पड़ रही मार

**राष्ट्र संवाद ब्यूरो**
**कमाल अहमद**

### भिलाई बाजार में त्रिपक्षीय वार्ता विफल होने के बाद मारपीट

### भूविस्थापितों और प्रबंधन के बीच बढ़ता तनाव मारपीट में बदला

**गेवरा//कोरबाः**-कोयला खदानों को प्रारंभ करने और फिर इसका विस्तार कर उत्पादन की मात्रा बढ़ाने के लिए एएउछ के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है इसके लिए वर्षों पूर्व अर्जित की गई जमीनों के अधिग्रहण का सिलसिला चलाया जा रहा है 11 साल पहले अर्जित की गई ग्राम गेवरा बस्ती की जमीन का अधिग्रहण करने के लिए आज भिलाई बाजार के सरस्वती शिशु मंदिर में त्रिपक्षीय वार्ता रखी गई प्रशासन की ओर से एसडीएम तन्मय खन्ना उपस्थित रहे एएउछ की तरफ से अधिकारी शिखर सिंह चौहान, नरसिम्हा राव उर्फ मंगू, आशुतोष कुमार तथा ग्राम वासियों की ओर से उनके प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में विस्थापित उपस्थित रहे इस बैठक के दौरान ग्रामीणों ने अपनी जमीन देने से इनकार करते हुए लंबित मांगों का निराकरण और सारी स्थिति स्पष्ट करने की बात कही ।

**वार्ता विफल रही**

वार्ता पूरी तरह से विफल हो गई और इसके बाद सभी कोई शिशु मंदिर भवन से बाहर निकलने लगे इस दौरान ग्रामीण अपना आपस मे बातचीत कर रहे थे, और आपसी कहा-सुनी भी हो रही थी कि वहां



पर शिखर सिंह चौहान जो गेवरा के अधिकारी हैं, उनके द्वारा वार्ता विफल होने को लेकर कमेंट किया गया जब मौजूद ग्रामीण आशीष पटेल ने टिप्पणी करने से मना किया तो सबक सिखाने की बात कहते हुए ज्यादा बात कर रहा है, कोयला में दबा दूंगा पता नहीं चलेगा, ऐसे शब्दों का उपयोग किया इस बात को लेकर कहा-सुनी होने लगी और बाद जमकर मारपीट में तब्दील हो गई बताया जा रहा है कि दोनों पक्ष को चोटें आई हैं आशीष पटेल ने इस मामले की रिपोर्ट तत्काल थाना में दर्ज कराया हरदीबाजार पुलिस ने शिखर सिंह चौहान के विरुद्ध धारा 296 ,115 (2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है ।

**हरदी बाजार के बाद भिलाई बाजार में जमकर विरोध**

बताते चलें कि इससे पहले हरदीबाजार की जमीन का अधिग्रहण करने के लिए प्रबंधन के द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता रखी गई थी जिसे नहीं करने के संबंध में गांव के लोगों ने आवेदन एसडीएम को सौंपा हरदीबाजार में त्रिपक्षीय वार्ता का विरोध के बाद भिलाई बाजार में भी इसका विरोध देखने को मिला हरदीबाजार के ग्रामीणों ने अपने 7 मांगों का निराकरण होने से पहले किसी भी सूरत में सर्वे आदि नहीं करने की बात कह दी है तो वहीं भिलाई बाजार के लोग भी इसी रास्ते पर चल पड़े हैं ।

**पूर्व के कड़वे अनुभव दे रहे सबक**

दरअसल, इससे पहले SECL की कुसमुण्डा व दीपका परियोजना विस्तार के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया वर्षों पूर्व अर्जित की गई जमीनों का अब जाकर अधिग्रहण के मामले में भूविस्थापितों के द्वारा वर्तमान दर से मुआवजा के साथ-साथ नौकरी और व्यवस्थित बसाहट देने की मांग की जा रही है प्रबंधन द्वारा अपनी कोयला जरूरत को पूरा करने की मंशा बताते हुए शासन-प्रशासन से सहयोग हासिल कर भूविस्थापितों का कहीं ना कहीं अहित किया जा रहा है उन्हें बिना बसाए ही उजाड़ दिया जा रहा है, कोयला चोर बनाया जा रहा है? मलगांव, सुवाभोडी, अमगांव इसका जीता-जागता उदाहरण है जिसे लेकर जमीनों की हेर-फेर के मामले में सीबीआई जांच भी चल रही है हालांकि जांच किस दिशा में जा रही है, सीबीआई अधिकारी क्या कर रहे हैं यह अभी तक किसी को पता नहीं है, मीडिया को भी नहीं सीबीआई जांच चल भी रही है या फिर सिर्फ इसकी आड़ लेकर मामले को दबाने का काम हो रहा है, यह भी किसी को पता नहीं है भूविस्थापित परिवारों द्वारा एएउछ को अपनी जमीन, संपत्ति, घर, मकान सब कुछ दे देने के बाद दर-दर की ठोकर खानी पड़ रही है

# तेघड़ा विधानसभा में निष्पक्ष चुनाव की तैयारी तेज, आचार संहिता पालन एवं सुरक्षा पर हुई विशेष समीक्षा

बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**तेघड़ा,** तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र (143) में विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियाँ तेज रफ्तार से चल रही हैं। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी तेघड़ा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में CAPF, SST, Surveillance Team एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने भाग लेकर कानून-व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता के पालन पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सुरक्षा बलों की तैनाती को और सुदृढ़ करते हुए संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उअढक्र को फ्लैग मार्च संचालित करने तथा ररळ टीमों को चौक-चौराहों, मुख्य मार्गों एवं सीमा क्षेत्रों पर सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध



गतिविधि, धन या प्रलोभन आधारित प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित हो सके।

आचार संहिता के संदर्भ में अधिकारियों को साफ निर्देश दिया गया कि किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्रचार वाहन, पोस्टर, बैनर या जनसभा आयोजित करने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि हर गतिविधि की वीडियोग्राफी कराई जाएगी तथा MCC उल्लंघन पर FIR तक दर्ज की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि उन्हें किसी दबाव, भय या लालच में आए बिना स्वतंत्र रूप से मतदान करने का अधिकार है, और इसके लिए सभी प्रकार की सुरक्षा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि निर्वाचन कर्तव्यों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि सभी सेक्टर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे तथा समय-समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। चुनाव के दौरान हर गतिविधि की रियल-टाइम मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्ष के माध्यम से की जाएगी।

यह बैठक न केवल प्रशासनिक सख्ती का संकेत है, बल्कि मतदाताओं के लिए एक भरोसेमंद संदेश भी है कि तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में इस बार चुनाव पूर्णतः शांति, निष्पक्षता एवं लोकतांत्रिक अनुशासन के साथ संपन्न होंगे। प्रशासन ने अंत में यह अपील की कि अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सभी मतदाता अपना योगदान दें।

# साहेबपुरकमाल विधानसभा से ललन यादव ने राजद के सिंबॉल पर कराया नामांकन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह

### हम साथ साथ हैं: नामांकन जुलूस में उमड़ी राजद और भाकपा कार्यकताओं की भारी भीड़



साहेबपुरकमालः मंगलवार को महागठबंधन के उम्मीदवार डॉ. सत्तानंद संबुद्ध उर्फ ललन यादव ने हजारों समर्थकों के साथ राजद के सिंबॉल पर बलिया अनुमंडल मुख्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। महागठबंधन के घटक दलों में शामिल वामपंथी कार्यकताओं के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल के हजारों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल पर सवार होकर गगनभेदी नारा लगाते हुए बलिया अनुमंडल पहुंचे। भाकपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ललिता कुमारी, अंचल सचिव मनोज कुमार, अंचल परिषद गणेश चौधरी, सरफराज आलम, राजेश कुमार सुमन, राम प्रवेश महतो, मोहम्मद नौशाद, पुष्प कुमार पासवान, अनवर आलम, गोपाल पोद्दार, सरोज कुमार, अंचल सचिव बलिया मंटू सिंह, हरदेव सिंह, भवेश कुमार सहित हजारों हजार कार्यकर्ता नामांकन के दौरान मौजूद रहे।

अंचल प्रभारी प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि यह नामांकन बता रहा है कि हमारे उम्मीदवार ललन जी की जीत सुनिश्चित हो गई है। महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ते अपराध और छात्र नौजवान के हित में यह जीत अति आवश्यक है।

# भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर चर्चा हुई

राष्ट्र संवाद संवाददाता
यदुनंदन

### संगीतमय भागवत कथा में झूम उठे श्रद्धालु



**बीहट/ बेगूसराय,** ।श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान मंच से लीला पुरुषोत्तम श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के कथा में पूज्य स्वामी चिदात्मन जी महाराज ने मंगलवार को कथा मंच से कहा वैसे तो भगवान कृष्ण का जन्म हम लोग भाद्र महीना के महाअष्टमी तिथि को मनाते आ रहे हैं परन्तु बड़ा ही सुंदर कथा चल रहा है संयोग बस श्रीमद् भागवत कथा में भी कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन आया है जिसमें कहा गया कि अत्याचारी कंस के अत्याचारों से धरती को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में मथुरा के कारागार में जन्म दिया। जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और वासुदेव जी, श्री कृष्ण को टोकरी में लेकर उफनती यमुना पार कर नंदगांव गए । वहीं शिशु को वहां रख दिये । इस समय यशोदा के यहां कन्या के रूप में योग माया का जन्म हुआ । जिसे वसुदेव जी मथुरा ले गए और कंस को सौंप दिया । वैसे तो श्री कृष्ण के जन्म की यह कथा पूरे भारत में जन्माष्टमी के रूप में हम लोग मानते ही हैं। जिसमें नंद गांव में भी धूमधाम से उत्सव मनाया जाता है। वहीं उत्सव हम लोग इस पुनीत महीना में सिमरिया धाम के इस धरा धाम पर मना रहे हैं। इस सुअवसर पर रविंद्र ब्रह्मचारी के द्वारा मंगल सुहाबन भजन गाया गया। भजन सुनकर श्रोता झूमने लगे ।

# मध्य विद्यालय कैलाशपुर के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

### तख्तियों पर लिखा - देश तरह की तभी करेगा , हर वोटर जो वोट करेगा।




उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैलाशपुर के छात्रों ने मतदाताजागरूकता अभियान में हिस्सा लिया छात्रों ने क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया इस अभियान के तहत छात्रों ने हाथों में तख्तियां लेकर मतदाताओं के मतदान के बारे में बताया । इन तख्तियों पर विभिन्न नारे लिखे थे जिनका उद्देश्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना था । तख्तियों पर लिखे नारों में ₹ देश तरक्की तभी करेगा ,हर वोटर जो वोट करेगा। ₹लालच देकर वोट जो मांगे ,वो भ्रष्टाचार करेगा आगे।जो बांटे दारू और नोट, उसको कभी न देंगे वोट₹।₹बनो देश के भाग्य विधाता,अब जागो प्यारे मतदाता₹, ₹पहले करे मतदान,फिर करे जलपान₹और जन-जन का यही नारा, मतदान अधिकार हमारा₹जैसे संदेश शामिल थे।

इससे पहले जिले केसमेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रश्मि कुमारी, जिला कला सांस्कृतिक व खेल पदाधिकारी श्याम साहनी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण दास ने सामूहिक रूप से हरी झंडी दिखाकर बच्चो रवाना किये।

परियोजना पदाधिकारी रश्मि कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बोले की सभी अभिभावक को वोट के दिन सभी काम को छोड़कर अपने-अपने वोट निश्चित रूप से गिराए।

कला सांस्कृतिक एवं खेल पदाधिकारी श्याम साहनी ने कहा कि समाज के लिए हर वोट कीमती है यह न केवल हमारे अधिकार का प्रतीक है बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण भी देता है प्रत्येक मतदाता को स्वयं मतदान के साथ-साथ अपने परिवार और पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री कृष्ण दास ने कहा कि इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही है ताकि अधिक से अधिक मतदाता मतदान के दिन बूथ पर पहुंचेओर वोट प्रतिशत को बढ़ावे।

कला शिक्षक उपेन्द्र चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की सच्ची ताकत मतदाताओं के हाथ मे होती है और प्रत्येक नागरिक को बिना किसी दबाब व प्रलोभन के मतदान करना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी है आने वाले समय में यही बच्चे जागरूक मतदाता बनकर समाज और देश की दिशा तय करेंगे ।

रैली में शामिल छात्राओं का उत्साह देखकर उपस्थित लोग भी काफी प्रभावित हुए मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।

# नरपतगंज में सीटिंग विधायक का टिकट काटकर भाजपा ने जताया पूर्व विधायक पर भरोसा

**अररिया** । भाजपा की ओर से विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई। जिसमें अररिया जिला के सिकटी और फारबिसगंज विधानसभा के लिए सीटिंग विधायक पर भरोसा जताया गया तो नरपतगंज विधानसभा पर सीटिंग विधायक के बदले भाजपा आलाकमान ने पूर्व विधायक देवयंती यादव पर भरोसा जताया और पार्टी का उन्हें उम्मीदवार बनाया।

जारी सूची में सिकटी विधानसभा से विधायक सह बिहार सरकार के आपदा प्रबन्धन विभाग के मंत्री विजय कुमार मंडल को उम्मीदवार बनाया गया। वहीं फारबिसगंज विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार से विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी को उम्मीदवार बनाया गया है।

इससे पहले जनसुराज की ओर से जारी लिस्ट में सिकटी से मुखिया रागिब बबलू और नरपतगंज से भाजपा की ही टिकट से चार बार जीते जनार्दन यादव को प्रत्याशी बनाया गया।

जनार्दन यादव कुछ दिन पहले ही भाजपा में उपेक्षा से नाराज होकर जन सुराज का दामन थामा था और जन सुराज ने भरोसा करते हुए जनार्दन यादव पर दांव खेला।भाजपा की जारी सूची में देवयंती यादव की उम्मीदवारी अचरजता से भरी रही।

सीटिंग विधायक का टिकट काटकर पार्टी ने उन पर भरोसा जताया।इस तरह नरपतगंज में दो पूर्व विधायक भाजपाई फिलहाल आमने सामने है और महागठबंधन के उम्मीदवार की घोषणा बाकी है।

नरपतगंज के निवर्तमान विधायक जयप्रकाश यादव का भाजपा के साथ क्षेत्र में काफी विरोध था। पार्टी की ओर से कराए गए सात सर्वे में भी उनके खिलाफ रिपोर्ट थी। ऐसे में उनके टिकट कटने की कयास लगाया जा रहा था।

हालांकि टिकट के रेस में पूर्व प्रमुख विजय यादव, नागेश्वर यादव, रोहित यादव सहित अन्य कई कतारबद्ध थे

# तेघड़ा विधानसभा चुनाव 2025: 14 अक्टूबर को भी नामांकन शून्य, प्रशासन ने मतदाताओं और कर्मियों को दिया सख्त संदेश

बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो

तेघड़ा 14 अक्टूबर 2025 143-तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया के चौथे दिन किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया, हालांकि संभावित उम्मीदवारों– राम रतन सिंह, राम पुकार ठाकुर, राम कुमार,चंद्र प्रकाश सिंह, अविनाश भारती, मृणाल वरुण, अवधेश कुमार, ललन कुंवर और रामानंद सिंह एवं मो शकील–द्वारा तैयारी और कागजात कटवाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

**चुनावी तैयारी चरम पर, APSM कॉलेज बरौनी बना डिस्पैच सेंटर**

अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि

इस बार निर्वाचन कार्यों के संचालन हेतु अढरट कॉलेज बरौनी को डिस्पैच एवं रिसीविंग सेंटर कृषि बाजार समिति बेगूसराय के रूप में चिह्नित किया गया है, जहाँ से 6 नवंबर को सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे।

तेघड़ा विधानसभा में कुल 339 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिन पर मतदान की संपूर्ण व्यवस्था पूर्ण कर ली जा रही है।

**विशेष बूथ व्यवस्था: पिंक, मिक्स और PWD केंद्र**

इस चुनाव में मतदाताओं की सुविधा पर विशेष जोर देते हुए–

पिंक बूथ (सिर्फ महिला पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित)

मिक्स बूथ (महिला एवं पुरुष दोनों कर्मी)

ढहऊ (दिव्यांग) बूथ - दनियालपुर व दुलारपुर विद्यालय निर्धारित किए गए हैं।

निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि पिंक बूथों को आकर्षक रूप से सजाया जाए,



जिससे महिला मतदाताओं में सहभागिता बढ़े।

मतदान केंद्रों पर सुविधाएँ सुनिश्चित

प्रत्येक मतदान केंद्र पर निम्न सुविधाओं की अनिवार्य व्यवस्था की जा रही है: जिसमें स्वच्छ पेयजल,बिजली एवं पंखा,शौचालय ,रैंप एवं व्हीलचेयर (दिव्यांग मतदाताओं हेतु)

**कानून-व्यवस्था हेतु विशेष**

**सतर्कता: 24 घंटे निगरानी**

चुनावी शुचिता बनाए रखने के लिए पकठौल, वाटिका चौक और सिमरिया चेक पोस्ट पर 247 मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल तैनात हैं।

सभी वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सख्त जांच की जा रही है।

सिमरिया पुल क्षेत्र पर विशेष घेराबंदी एवं निगरानी की व्यवस्था लागू है।

अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर तेघड़ा में चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त होगा। किसी को भी आचार संहिता से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। धनबल, बाहुबल या प्रलोभन देने वालों पर तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें।

कर्तव्यनिष्ठा का संदेश झ चुनाव कर्मियों एवं पदाधिकारियों को

सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं मतदान अधिकारी समय पर नियुक्ति स्थल पर उपस्थित रहें।

बिना अनुमति ड्यूटी स्थल न छोड़ें।

मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी त्रुटि या लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

आदर्श आचार संहिता का पालन सर्वोपरि रहे।

मतदाताओं के नाम अपील अपना वोट किसी लालच, भय या दबाव में आकर न दें। लोकतंत्र का यह पर्व आपका अधिकार है–इसे अवश्य निभाएँ। मतदान से पूर्व अपना वोटर कार्ड या मान्य पहचान पत्र साथ रखें। किसी भी चुनावी अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

चुनावी कार्यक्रम

| चरण | तिथि |
|---|---|
| नामांकन प्रारंभ | 1 4 अक्टूबर 2025 |
| नामांकन की अंतिम तिथि | 17 अक्टूबर 2025 |
| नामांकन पत्रों की जांच | 1 8 अक्टूबर 2025 |
| नाम वापसी की अंतिम तिथि | 20 अक्टूबर 2025 |
| मतदान दिवस | 6 नवंबर 2025 |
| मतगणना / परिणाम घोषणा | 14 नवंबर 2025 |

तेघड़ा प्रशासन का स्पष्ट लक्ष्य है: शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव

## सार-संक्षेप

### बैग और नोट बुक पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भगवानपुर/** बेगूसराय प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरुआ में मंगलवार को उक्त विद्यालय में अध्ययनरत षष्टम वर्ग से अष्टम वर्ग तक के कूल 89 छात्र छात्राओं के बच्चों के बीच स्कुली बैग तथा नोटबुक वितरण किए गए। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह ने बताया कि वर्ग षष्ठम में नामांकित 33 , वर्ग सप्तम में नामांकित 28 तथा वर्ग अष्टम में नामांकित 28 छात्र छात्राओं के बीच आज स्कुल बैग तथा नोटबुक वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रखंड संसाधन केंद्र भगवानपुर से कूल 143 बैग उन्हें प्राप्त हुआ।शेष बचे स्कूल बैग व नोटबुक दूसरे दिन विद्यालय संचालन के दौरान वितरण किया जाएगा। आज जो बच्चे उपस्थित थे उसके बीच वितरण कर दिया गया है। वितरण के उपरांत उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा । उन्होंने कहा कि पढ़ोगे लिखोगे तो भविष्य में महान बनोगे। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह, शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगतारिणी देवी, सचिव रुक्मिणी देवी, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार सहनी, सुमन कुमार,तहसीन अंजुम, शंकर कुमार, ललिता कुमारी, नीलम कुमारी, नुतन कुमारी व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### पुलिस ने 30 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**भगवानपु(बेगूसराय):** नौला पिकेट प्रभारीअकरम खा ने 30 लीटर देसी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार एवं लगभग 1500 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब को किया विनष्ट इस संबंध में पिकेट प्रभारी अकरम खा ने बताया कि नौला गांव के वार्ड नंबर 21निवासी विजो चौधरी के पुत्र संजय पासी के द्वारा अपने ही घर में देसी शराब बनाने का कारोबार चल रहा था जिसे देर रात्रि छापेमारी कर संजय पासी को 30 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया एवं उक्त आरोपी के घर के पीछे जंगल में रखे लगभग 1500 लीटर अर्ध निर्मित देसी सभा शराब को विनष्ट किया गया

### श्रीमद् भागवत कथा की तैयारी जोरों पर

राष्ट्र संवाद संवाददाता यदुनंदन।

**बीहट/बेगूसराय,** बरौनी प्रखंड अंतर्गत मालती गांव में आयोजित श्रीमदभागवत कथा का आयोजन 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक मालती स्थिति हनुमान मंदिर के पास किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए देवेन्द्र राय ने बताया कि 18 अक्टूबर को सुबह 7 बजे राम जानकी ठाकुरबाड़ी से कुमारी कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला जाएगा। जो पिपरा चौक होते हुए कथा स्थल तक सम्पन्न होगा। यह कथा सात दिनों तक चलेगा।कथा वाचक ब्रह्मर्षि डा. दुगेर्शाचार्य जी महाराज होंगे। इसके लिए प्रचार प्रसार जोरों पर है।

### पार्सल ट्रक से 987.84 लीटर विदेशी शराब बरामद

**कटिहार,**। जिला के बलिया बेलौन थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक डाक पार्सल ट्रक से 987.84 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुई थी कि बंगाल की ओर से एक डाक पार्सल ट्रक में अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप लाई जा रही है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष ने अपने पुलिस बल के साथ मीनापुर फुटानी चौक के पास वाहन जाँच अभियान चलाया।

जाँच के क्रम में एक डाक पार्सल ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में संबंधित कांड दर्ज कर अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मुट्ठी भर लोग चला रहे जदयू, संजय झा सहित कई ने किया षड्यंत्र-संतोष कुशवाहा

**पूर्णिया,** । पूर्णिया के राजद कार्यालय में सोमवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने औपचारिक रूप से राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। इस मौके पर धमदाहा के पूर्व विधायक दिलीप यादव और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में संतोष कुशवाहा ने जनता दल (यूनाइटेड) छोड़ने की वजह बताते हुए पार्टी के अंदर गुटबाजी और कुछ नेताओं के वर्चस्व पर सीधा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुट्ठीभर लोग जदयू पर राज कर रहे हैं और अब पार्टी में लोकतंत्र नहीं बचा है। कुछ लोग केवल अपने स्वार्थ के लिए संगठन को कमजोर कर रहे हैं।

पूर्व सांसद ने संकेत दिया कि पार्टी पर कुछ चुनिंदा लोगों का निजी कब्जा है। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन लोगों ने मिलकर उनके राजनीतिक जीवन को खत्म करने की साजिश रची। मैं हार नहीं गया था, बल्कि हराया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वे अति पिछड़े समाज से आते हैं, लेकिन पार्टी में लगातार उन्हें हाशिये पर रखा गया। संतोष कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने नीतीश कुमार के सहयोग से राजनीति की शुरूआत की थी, लेकिन अब वे तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में समानता, सम्मान और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली राजनीति करेंगे। राजद में उनके शामिल होने से सीमांचल की सियासत में नई हलचल तेज हो गई है।

### सम्राट चौधरी 16 अक्टूबर को करेंगे नामांकन,कहा-बिहार में प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी राजग सरकार

**पटना,** । बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने आगामी विधानसभा चुनाव में तारापुर सीट से प्रत्याशी बनाये जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रति आभार प्रकट किया है। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त एक बार फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) भारी बहुमत जीतकर राज्य में सरकार बनेगी।

सम्राट चौधरी 16 अक्टूबर को मुंगेर जिले के तारापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वे भाजपा प्रत्याशी के रूप में सुबह 11 बजे अनुमंडल कार्यालय, तारापुर में नामांकन पत्र भरेंगे। नामांकन के बाद वे एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

तारापुर से उम्मीदवार बनाए जाने पर उपमुख्यमंत्री चौधरी ने भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, गृहमंत्री अमित शाह जी और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं उनका हृदय से धन्यवाद करता हूं।₹उन्होंने कहा कि तारापुर की जनता एक बार फिर राजग पर भरोसा जताएगी और भारी मतों से जीत दिलाकर प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व को मजबूत करेगी।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# भारत बनाम वेस्टइंडीज : दिल्ली टेस्ट में 7 विकेट से जीत, टीम इंडिया ने किया सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली ।** भारत ने वेस्टइंडीज को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है। भारत को जीत दिलाने में शतकवीर यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल के साथ मुकाबले में कुल 8 विकेट हासिल करने वाले कुलदीप यादव का अहम योगदान रहा। मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इस पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 175 रन बनाए, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने नाबाद 129 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से जोमेल वारिकन को 3 सफलताएं हाथ लगीं। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में महज 248 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए एलिक एथनाज ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, जबकि शाई होप ने 36 रन टीम के खाते में जोड़े। भारत की ओर से कुलदीप यादव ने सर्वाधिक 5 सफलताएं हासिल कीं। रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट निकाले।

इसी के साथ भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की विशाल बढ़त हासिल करते हुए मेहमान टीम को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया।

दूसरी पारी में खराब शुरुआत के बाद वेस्टइंडीज को जॉन कैंपबेल (115) और शाई होप (103) ने संभाला। इनके अलावा, जस्टिन इमलाच ने नाबाद 50 रन बनाकर टीम को 390 रन तक पहुंचाया।

इस पारी में भारत की तरफ से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने 3-3 सफलताएं हासिल कीं। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट निकाले।



भारत को जीत के लिए 121 रन का आसान टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने महज 9 रन पर यशस्वी जायसवाल (8) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़ते हुए टीम को जीत के करीब ला दिया, लेकिन साई सुदर्शन (39) के आउट होने के बाद शुभमन गिल (13) के रूप में टीम ने जल्द दो अन्य विकेट गिरा दिए।

यहां से केएल राहुल ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। राहुल 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 58 रन बनाकर नाबाद रहे। इस पारी में वेस्टइंडीज के लिए कप्तान रोस्टन चेज ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि जोमेल वारिकन ने 1 विकेट निकाला।


भारत ने अहमदाबाद में खेले गए सीरीज के पहले मैच को पारी और 140 रन से अपने नाम किया था।

## कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी और चैंपियंस क्रिकेट अकादमी, खरड़ ने दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते




**चंडीगढ़।** कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी ने सनराइज क्रिकेट अकादमी, ज़ीरकपुर को 243 रनों के बड़े अंतर से हराकर दूसरे स्वर्गीय मंजू अरोड़ा अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने लीग मैच जीते। यह मैच आज यहाँ इंद्रजीत क्रिकेट अकादमी, गोलू माजरा, मोहाली और आई.वी.सी.ए. क्रिकेट ग्राउंड, डेराबस्सी में खेला गया। कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी के समर सहोता ने 5 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुरुक्षेत्र जिला क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30 ओवर में 5 विकेट खोकर 275 रन बनाए। अरिहान ने 59 रन और गुरताज सिंह ने 59 रन बनाए। 55 रन, सिद्धार्थ ने 44 रन, काविश यादव ने 31 रन और नक्ष चौहान ने 29 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए सनराइज अकादमी, जीरकपुर के गेंदबाज मोहम्मद अतीब ने 2 विकेट लिए। जवाब में सनराइज क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर की टीम 17.3 ओवर में केवल 32 रन पर ऑल आउट हो गई और सनराइज क्रिकेट क्रिकेट अकादमी, जीरकपुर 243 रनों से मैच हार गई। वेदांत मित्तल केवल 12 रन बनाकर दोहरे अंक में पहुंच पाए।

## शैनन टैन ने जीता महिला इंडियन ओपन 2025 गोल्फ खिताब, हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर



**गुरुग्राम।** सिंगापुर की शैनन टैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला इंडियन ओपन 2025 का खिताब अपने नाम किया। यह उनकी लेडीज़ यूरोपियन टूर (LET) में तीसरी जीत है। भारत की हिताशी बख्शी तीसरे स्थान पर रहीं।

टैन ने गुरुग्राम के DFF गोल्फ एंड कंट्री क्लब में कुल 7 अंडर 281 का स्कोर बनाया और इंग्लैंड की एलिस हेवसन को पछाड़कर खिताब जीता। आखिरी राउंड से पहले टैन संयुक्त चौथे स्थान पर थीं, लेकिन अंतिम राउंड में उन्होंने 5 अंडर का शानदार प्रदर्शन किया। अंतिम होल पर हेवसन डबल बोगी कर बैठीं, जिससे टैन ने नाटकीय अंदाज में जीत दर्ज की।

जीत के बाद टैन ने कहा, मैं अभी भी सदमे में हूं। इस हफ्ते बहुत कुछ हुआ, वीजा में देरी और मंगलवार को यहां पहुंचना। इसके बावजूद मैं आभारी और खुश हूं कि मुझे खेलने का मौका मिला। भारत की हिताशी बख्शी का अंतिम राउंड कमज़ोर रहा और उन्होंने चार ओवर 76 का स्कोर बनाया। वह आखिरी में टैन से दो शॉट पीछे रह गईं और अपना पहला LET खिताब नहीं जीत सकीं।

दूसरे भारतीय गोल्फर भी शानदार प्रदर्शन कर रहे थे। प्रणवी उर्स चौथे स्थान पर रहीं (4 अंडर) और अवनि प्रशांत पांचवें स्थान पर (3 अंडर) रही, वहीं वाणी कपूर संयुक्त 10वें स्थान पर रहीं। दो बार की ओलंपियन दीक्षा डागर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह 41वें स्थान पर रही।

# बतौर टीम हम बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं : रवींद्र जडेजा

**नई दिल्ली ।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। इस सीरीज में शतकीय पारी खेलने के अलावा, कुल 8 विकेट हासिल करने वाले रवींद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, जबकि दिल्ली टेस्ट में 8 विकेट लेने वाले कुलदीप यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने पर रवींद्र जडेजा ने कहा, बतौर टीम हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि पिछले पांच-छह महीनों में हमने किस तरह का क्रिकेट खेला है। एक टीम के तौर पर यह अच्छा संकेत है कि हम लंबे समय तक ऐसा करते रहेंगे। अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर जडेजा ने बताया, जैसा कि गौतम गंभीर ने कहा, मैं अब बल्लेबाज के तौर पर छठे नंबर पर हूं। इसलिए मैं एक अच्छे बल्लेबाज के तौर पर ज्यादा सोच रहा हूं। यह मेरे लिए कारगर है। पहले, कई वर्षों तक मैं आठवें, नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करता रहा, इसलिए मेरी मानसिकता अब की मानसिकता से थोड़ी अलग थी। मैं बस कोशिश करता हूं कि जब भी बल्लेबाजी का मौका मिले, क्रीज पर ज्यादा समय बिताऊं।

उन्होंने कहा, मैं रिकॉर्ड्स के बारे में ज्यादा नहीं सोचता। मैं बस अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए बल्ले और गेंद, दोनों से योगदान देने पर फोकस करता हूं। मुझे लगता है कि यह मेरी तीसरी



मैन ऑफ द सीरीज ट्रॉफी है। मैं बहुत खुश हूं।

वहीं, प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव ने कहा, यह बिल्कुल अलग विकेट था। यहां ज्यादा ओवर डालना एक चुनौती थी। मुझे यहां गेंदबाजी करने में मजा आया। यहां कोई ड्रिफ्ट नहीं था। विकेट बहुत ड्राई था। ज्यादा ओवर डालना और विकेट हासिल करना मुझे बहुत पसंद है। मुझे बल्लेबाज को आउट करना अच्छा लगता है। मैंने पहले टेस्ट मैच में भी कुछ विकेट लिए, यहां भी विकेट निकाले। जडेजा का साथ होना बहुत अच्छा है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में मेरा मार्गदर्शन किया है।

भारत ने अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट को पारी और 140 रन से अपने नाम किया था, जिसके बाद टीम इंडिया ने सीरीज का दूसरा मैच 7 विकेट से जीत लिया।

## पिछले 27 टेस्ट मुकाबलों में वेस्टइंडीज से नहीं हारी टीम इंडिया, ऐसा रहा है रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच को 7 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। वेस्टइंडीज की टीम पिछले 27 टेस्ट मुकाबलों में भारत को शिकस्त नहीं दे सकी है। वेस्टइंडीज ने मई 2022 में भारत के खिलाफ किंग्स्टन में खेले गए मुकाबले को 155 रन से अपने नाम किया था। इसके बाद टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को करारा जवाब देते हुए उसी साल लगातार दो मुकाबले जीते। भारत और वेस्टइंडीज के बीच नवंबर 2002 से जून 2006 के बीच खेले गए लगातार चार मैच ड्रॉ रहे। हालांकि, इसी साल टीम इंडिया ने किंग्सटन के मैदान पर मेजबान टीम के विरुद्ध 49 रन से जीत दर्ज की।

भारत और वेस्टइंडीज की टीमें साल 2011 में कुल 6 टेस्ट खेलीं, जिसमें 3 मैच जीते, जबकि इतने ही मुकाबले ड्रॉ रहे। साल 2013 में दोनों देश कुल दो मैच खेले। भारत ने इस दौरान पारी के अंतर से दोनों ही मुकाबले अपने नाम किए। साल 2016 में भारत-वेस्टइंडीज की टीमें कुल




4 टेस्ट खेलीं, जिसमें 2 टेस्ट जीते, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे।

साल 2018 से 2019 के बीच टीम इंडिया ने सभी चार मुकाबले अपने नाम किए। साल 2023 में भारत ने एक मैच पारी के अंतर से जीता, जबकि एक ड्रॉ रहा। टीम इंडिया ने साल 2025 में वेस्टइंडीज को दोनों ही मुकाबलों में शिकस्त देकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

दोनों देशों ने साल 1948 से अब तक टेस्ट इतिहास में कुल 102 मैच खेले हैं, जिसमें वेस्टइंडीज ने 30 मुकाबले जीते। भारतीय टीम इस दौरान 25 टेस्ट अपने नाम कर सकी है। वहीं, 47 टेस्ट ड्रॉ रहे।

भारत-वेस्टइंडीज के बीच दिल्ली में खेले गए टेस्ट मैच की बात करें, तो टीम इंडिया ने पहली पारी 518/5 के स्कोर पर घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में सिर्फ 248 रन पर सिमट गई। यहां से भारत ने पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 390 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत के लिए 121 रन का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने 7 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया।

## खिलाड़ियों को मैनेज और टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात: शुभमन गिल



**नई दिल्ली ।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। गिल को इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट की कप्तानी सौंपी गई थी, जहां टीम इंडिया ने 2-2 से सीरीज ड्रॉ करवाई। इसके बाद गिल की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्लीन स्वीप किया है। गिल ने कप्तानी को लेकर कहा, मैं अब इसकी आदत डाल रहा हूं। सभी खिलाड़ियों को मैनेज करना, इस टीम का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान है। यह किसी भी परिस्थिति में सही विकल्प चुनने के बारे में है। मैं उस स्थिति में सबसे संभावित निर्णय लेने की कोशिश करता हूं जिसमें हम उस खेल में होते हैं। कभी-कभी आपको एक साहसिक निर्णय लेना पड़ता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन-सा खिलाड़ी आपको रन या विकेट दिला सकता है।

गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ फॉलोऑन लागू करने पर कहा, हम लगभग 300 रन (270 रन) आगे थे। हमने सोचा कि अगर हम 500 रन भी बना लेते हैं और हमें पांचवें दिन 6 या 7 विकेट लेने हैं, तो यह हमारे लिए एक कठिन दिन हो सकता है।

नीतीश रेड्डी को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका दिया गया। अहमदाबाद टेस्ट में नीतीश को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिल सका, लेकिन उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी जरूर की। इसके बाद दिल्ली टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 43 रन बनाए। नीतीश रेड्डी को सीरीज में भरपूर मौके दिए जाने पर कप्तान गिल ने कहा, हम नहीं चाहते कि खिलाड़ी सिर्फ विदेशों में ही मैच खेलें। इससे खिलाड़ियों पर बहुत दबाव पड़ता है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों को तैयार करना चाहते हैं, जो हमें लगता है कि विदेशों में मैच जीतने में हमारी मदद कर सकते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए एक चुनौती रही है। इस सीरीज में गिल ने 50, 129* और 13 रन की पारी खेली। गिल ने अपने प्रदर्शन को लेकर कहा, जब मैं मैदान पर जाता हूं, तो मैं बस एक बल्लेबाज के तौर पर फैसले लेना चाहता हूं। एक चीज जो आप हमेशा चाहते हैं, वो है अपनी टीम को मैच कैसे जिताएं। जब मैं बतौर बल्लेबाज मैदान पर जाता हूं, तो मेरे दिमाग में बस यही ख्याल आता है

## हो सकता है मै ही गुकेश के साथ विश्व चैंपियनशिप खेलूँ हिकारु नाकामुरा

**न्यू यॉर्क ।** अभी कुछ पहले भारत और यूएसए के प्रदर्शनी मुक़ाबले में गुकेश को पराजित करने के बाद उनका राजा दर्शको की ओर फेंककर आलोचना का शिकार बने और चर्चा में आए दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी अमेरिकन ग्रैंडमास्टर हिकारु नाकामुरा ने भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश से



2026 की विश्व शतरंज चैंपियनशिप में सामना करने की इच्छा जताई है , उन्होने यह बात गलस्टन क्लब में क्लच चेस- चैंपियंस शोडाउन और ग्लोबल चेस लीग में गुकेश से दोबारा टकराव के संदर्भ में कही है । नाकामुरा फिलहाल कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें कम से कम 40 क्लासिकल मैच खेलने है और अगर इसके बाद वह अपना विश्व नंबर 2 का स्थान बनाए रखते है तो उनका कैंडिडैट पहुँचना तय है , हालांकि वहाँ उन्हे दुनिया के बाकी 7 दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ना होगा तभी वह गुकेश के विश्व खिताब को चुनौती दे सकते है ।हाल ही में एक प्रदर्शनी मुकाबले में नकामुरा ने गुकेश को पराजित किया और अपने उत्साह में गुकेश का राजा मोहरा दर्शकों की ओर फेंक दिया, जिससे विवाद और आलोचना शुरू हो गई । कई विशेषज्ञों ने इस व्यवहार को अनुचित बताया, जबकि नकामुरा ने इसे केवल प्रदर्शनी मैच की मनोरंजक पहलू बताया और कहा कि इसमें कोई अपमानजनक इरादा नहीं था ।

# गंभीर ने श्रीकांत पर किया पलटवार, कहा- 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक

**नई दिल्ली ।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में चुने जाने पर सवाल उठाने वाले पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत पर पलटवार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि एक 23 वर्षीय खिलाड़ी को निशाना बनाना शर्मनाक है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर आरोप लगाया था कि राणा केवल गंभीर की वजह से राष्ट्रीय टीम में हैं। उन्होंने कहा कि राणा को आस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में इसलिए चुना गया क्योंकि वह गंभीर की जी-हुजूरी करते हैं।

गंभीर ने वेस्टइंडीज पर भारत की टेस्ट श्रृंखला जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह शर्मनाक है कि कोई व्यक्ति अपना यूट्यूब चैनल चलाने के लिए 23 साल के खिलाड़ी को निशाना बना रहा है। अगर आप मुझे निशाना बनाना चाहते हैं, तो बनाइए। मैं इससे निबट सकता हूं, लेकिन यूट्यूब व्यूज के लिए 23 साल के युवा खिलाड़ी को ट्रोल करना शर्मनाक है। उन्होंने कहा, 'उनके (राणा के) पिता चयनकर्ता नहीं हैं। उन्होंने अपनी योग्यता के आधार पर टीम में जगह बनाई है। इन युवा लड़कों को निशाना मत बनाइए। भारत ने यहां दूसरे मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया।




क्या कहा था श्रीकांत ने श्रीकांत ने हाल ही में कहा था, 'केवल एक सदस्य है, हर्षित राणा... कोई नहीं जानता कि वह टीम में क्यों है। सबसे अच्छा यही है कि हर्षित राणा की तरह बनें और टीम में चयन के लिए गंभीर की लगातार हां में हां मिलाते रहें। दिल्ली के क्रिकेटर राणा ने पिछले साल गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद से दो टेस्ट, पांच वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 19 अक्टूबर से शुरू होगी।

# उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 में भारत का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**जालंधर,।** भारत की प्रियंका ठाकुर ने उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग विश्व कप 2025 के फाइनल में उज्बेकिस्तान की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर सीनियर लो किक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मनप्रीत कौर ने फुल कॉन्टैक्ट में कांस्य पदक जीता। पंजाब के जालंधर के पीएपी में दोनों खिलाड़ी पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। टीम का मार्गदर्शन इंस्पेक्टर खेम ??चंद और अंकुश घारू ने किया। प्रियंका ठाकुर और मनप्रीत कौर ने अपने कोच को लेकर कहा कि उनकी अच्छी ट्रेनिंग की बदौलत वह मेडल जीत पाई हैं। प्रियंका ने कहा कि यह कंपटीशन काफी टफ था, लेकिन उन्होंने पूर्ण प्रयास किया और गोल्ड मेडल जीत पाई। एक तरह से उन्होंने दिवाली पर भारत को गोल्ड मेडल जीतकर तोहफा दिया है।

प्रियंका ने कहा कि वह वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए और भी कड़ी मेहनत करेंगी और उसमें भी गोल्ड मेडल जीतकर भारत की झोली में डालेंगी। उन्होंने अपने कोच का धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने हमें अच्छे तरीके से गाइड किया था जिस कारण वह उम्मीद लेकर गए थे और वह उम्मीद पर खरे उतरे हैं। प्रियंका ने कहा कि उज्बेकिस्तान और तुर्की के प्लेयर के साथ मुकाबला काफी टफ रहा है।

पंजाब पुलिस में हेड कांस्टेबल मनप्रीत कौर ने कहा कि उनका यह पहला कंपटीशन था और उन्होंने इस कंपटीशन में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि वह इस कंपटीशन में



बिल्कुल भी नर्वस नहीं हुई हैं और उनकी मां का सपना जो साकार हुआ है कि उनकी मां उन्हें टीवी पर देखना चाहती थीं। मनप्रीत कौर ने कहा कि वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए अब वह आगे से कड़ी मेहनत करेंगी और भारत को गोल्ड जिताकर झोली में डालेंगी। मनप्रीत ने आगे कहा कि पोलैंड की टीम और उज्बेकिस्तान की लोकल प्लेयर होने के कारण यह कंपटीशन काफी टफ रहा है, लेकिन कोच की अच्छी ट्रेनिंग के कारण वह ब्रॉन्ज मेडल जीत पाई है। दोनों महिला खिलाड़ियों के कोच इंस्पेक्टर खेमचंद ने कहा कि उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है कि उनकी खिलाड़ियों ने भारत देश का नाम रोशन किया है और एक ने गोल्ड और दूसरे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। उन्होंने कहा कि देश के साथ उन्होंने पंजाब पुलिस का भी नाम रोशन किया है और आगे भी उम्मीद है कि वर्ल्ड चैंपियनशिप में ऐसे ही अपना खेल प्रदर्शन कर भारत की झोली में गोल्ड मेडल डालेंगे।